॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

श्रीसत्यनारायण व्रतकथा

[पूजन-विधि, हवन, श्रीविष्णुसहस्रनामावलि एवं आरती सहित]

भागवत् प्रवक्ता

आचार्य धीरेन्द्र

(ज्योतिष/वास्तु/यज्ञ–विशेषज्ञ)

कान्हादर्शन धार्मिक प्रकाशन

Web:www.acharyadhirendra.com/www.tripursundri.org/ email_kanhadarshan@gmail.com

प्रथम–संस्करण

संवत्–२०६८, सन्–2011

मुद्रण 5100

मूल्य–

प्रकाशनः

कान्हादर्शन धार्मिक प्रकाशन

117 गोविन्द खण्ड विश्वकर्मा नगर शाहदरा दिल्ली–110095

संपर्क सूत्रः–मो. 9871662417, 9210067801, 9250888592, 9971770118

email_kanhadarshan@gmail.com/Web:www.acharyadhirendra.com

प्राक्कथनम्

सत्यस्यव्रतमाचरत्

जीवन में सत्य का आचरण करना ही सत्यव्रत है

सत्य का बोध कराने वाला देव है श्री सत्यनाराण। सत्य की राह बताने वाली कथा–श्रीसत्यनारायण व्रतकथा। वास्तव में सत्य का क्या स्वरूप है, वही इस कथा के माध्यम से भगवान् श्रीहरि ने अपने भक्तों को समझाया है। संकल्प–पूर्वक दृढ़ निश्चय के साथ क्रिया विशेष द्वारा जो अनुष्ठान किया जाये, उसे व्रत कहा जाता है, हमारे शास्त्रों में जिन–जिन व्रतों का वर्णन किया गया है वे कभी न कभी किसी ऋषि–महर्षि, महापुरुष साधक के द्वारा किये गये अनुष्ठान ही हैं। उनसे सम्बन्धित कथाओं में बताया गया है कि सर्वप्रथम इस व्रत को कैसे किया तथा उसे किस अभीष्ट फल की प्राप्ति हुई। इसलिये वर्तमान समय में भी वह व्रत करणीय है। व्रतोपवास का न केवल दृष्ट फल ही है। अपितु इससे कर्ता का शुभ अदृष्ट फल भी बनता है, दृढ़ निश्चय के लिये संस्कृत में संकल्प नाम दिया गया है। किसी भी व्रत का अनुष्ठान करने अथवा नियम लेने के लिये दृढ़ इच्छा–शक्ति की आवश्यकता होती है। हमारे यहाँ इसीलिये किसी भी शुभ कार्य को प्रारंभ करते समय संकल्प का विधान बनाया गया है। मनु महाराज का कथन है–

संकल्पमूलः कामो वै यज्ञाः संकल्पसम्भवाः। व्रतानि यमधर्माश्च सर्वे संकल्पजाः स्मृताः॥

जो भी कामना की जाती है, उसके मूल में एक संकल्प रहता है यज्ञ भी संकल्प से संभव होते हैं, व्रत नियम और धर्म सभी संकल्प जनित होते हैं। संकल्प ही कार्य में प्रधान होता है। इसलिये दीर्घकाल तक उपासना करने योग्य कार्यकलाप को जो एक निश्चत संकल्प के साथ किया जाये इसे व्रत कहा गया।

कुछ साधक अपने इष्ट देव की तिथि को उपवास भजन पूजन का विशेष व्रत रखते हैं। विष्णुभक्त प्रतिमास की दोनों एकादशी, शिवभक्त महाशिवरात्रि और गणेशभक्त चतुर्थी को व्रत रखते हैं। किसी कामना विशेष की पूर्ति के लिये

जो अनुष्ठान किया जाये उसे भी व्रत कहा जाता है। क्योंकि कर्ता उस अनुष्ठान की अवधि में कुछ विशेष नियमों का पालन करता है। इसी प्रकार ब्रह्मचारी के लिये उपनयन संस्कार के समय से लेकर समावर्तन-संस्कार के समय तक कुछ यम-नियमों का पालन करता होता है, इसलिये उसका नाम ही व्रतवन्ध प्रचलित हुआ।

उपवास—समीपता बोधक अव्यय है। इसलिये उपवास का शाब्दिक अर्थ होता है। समीप में वास। अभिप्राय यह है कि उपवास के द्वारा साधक अपने इष्ट की निकटता का अनुभव करे। भौतिक धरातल, आगे आध्यात्मिक स्तर का अनुभव करे। मन और इन्द्रियों से आगे आत्म-साक्षात्कार की ओर अग्रसर हो विधिपूर्वक उवपास करने से शरीर के अनेक विकार दूर होते हैं। वात, पित्त और कफ की विषमता से उत्पन्न होने वाले सभी रोग बिना औषधि सेवन से ठीक हो जाते हैं। आलस्य और थकान दूर होकर स्फूर्ति का अनुभव होता है। असन्तुलित आहार के कारण शरीर जो एक बोझ का अनुभव करता है, वह उपवास से दूर होता है। उपवास से शरीर में एक हल्कापन अनुभव होता है। इतना होने पर भी उपवास साध्य नहीं साधना मात्र ही माना जाना चाहिये। चित्तप्रसाद की स्थिति से जो चिन्तन किया जाएगा वह परिणाम में सुखावह ही होता है। ध्यान की एकाग्रता प्राप्त होती है। विचार शक्ति सद्भावना से पूर्ण होती है। मन की एकाग्रता से ईश्वर के चिन्तन, मन में अधिक समय तक लीन रहने की इच्छा जाग्रत होती है।

व्रतोपवास धर्म के अङ्गरूप ही है, व्रतोपवास में दस लक्षणात्मक धर्मस्वरूप का अनुपालन अति आवश्यक है अन्यथा केवल व्रताभाल ही होगा। महाराज मनु ने धर्म के दस लक्षण इस प्रकार बताये हैं।

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः। धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥

अर्थात् धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध ये धर्म के दस लक्षण है—

आचार्य धीरेन्द्र

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

पूजनक्रम प्रारम्भ

मङ्गलं भगवान् शम्भुः मङ्गलं वृषभध्वजः। मङ्गलं पार्वतीनाथ मङ्गलाय तनो शिवः॥

सर्वप्रथम पूजन-कर्त्ता स्नान आदि नित्यक्रिया से निवृत्त होकर नवीन या घर में धोये हुए शुद्ध वस्त्र एवं उपवस्त्र धारण कर, सपत्नीक शुद्ध आसन पर पूर्व की ओर मुख करके बैठ जायँ एवं पवित्र हो, पवित्रीकरण आदि करें। यजमान-पत्नी को यजमान के दक्षिण भाग बैठाना चाहिये। यथा-

सर्वेषु शुभ कार्येषु पत्नी दक्षिणतः शुभाः। अभिषेके विप्रपादक्षालने चैव वामतः ॥
वामे पत्नी त्रिषु स्थाने पितृणां पाद शौचने। रथारोहणकाले च ऋतुकाले सदा भवेत् ॥

अथ पवित्रीकरणम्

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपिवा। यः स्मरेत्पुण्डरी काक्षं सबाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥
ॐपुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐपुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐपुण्डरीकाक्षः पुनातु,
(तज्जले दक्षिण हस्तेन आत्मानं पूजासामग्रीं च सम्प्रोक्ष्य)

त्रिराचमनम्

ॐ केशवाय नमः, ॐ नारायणाय नमः, ॐ माधवाय नमः। ॐहृषीकेशाय नमः, इति करौ प्रक्षाल्य। तीन बार आचमन करें एवं हाथ धो लें।

आसन शुद्धिः

हाथ में जल लेकर निम्नलिखित विनियोग पढें और जल किसी एक पात्र में या पृथिवी पर छोड़ दें।

विनियोगः-ॐ पृथिवीतिमन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः सुतलं छन्दः कूर्मो देवता आसन शोधने विनियोगः।

ॐपृथ्वी त्वया धृतालोका देवि त्वं विष्णुना धृता। त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्॥

आसन में जल छिड़कें।

पवित्री धरणम्

निम्नलिखित मन्त्र से दाहिने हाथ की अनामिका के मूल भाग में पवित्री धारण करें।

ॐपवित्रेस्थो व्वैष्णव्यौ सवितुर्व्वः प्रसवऽउत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेणसूर्यस्यरश्मिभिः। तस्यतेपवित्रपतेपवित्र पूतस्ययत्त्कामः पुने तच्छकेयम्।

यथा वज्रं सुरेन्द्रस्य यथा चक्रं हरेस्तथा। त्रिशूलं च त्रिनेत्रस्य तथा मम पवित्रकम्॥

(इस मन्त्र से आनामिका के मूल में पवित्री धारण करें)

शिखा बन्धनम्

हाथ में जल लेकर निम्नलिखित विनियोग पढें और जल किसी एक पात्र में या पृथिवी पर छोड़ दें।

विनियोगः-ॐ मानस्तोकिति मन्त्रस्य कुत्सऋषिः जगती छन्दः एकोरुद्रोदेवता शिखाबन्धने विनियोगः।

(निम्नलिखित मन्त्र से शिखा बाँधें)

ॐचित् रूपिणी महामाये दिव्यतेजः समन्विते। तिष्ठ देवि शिखा बन्धे तेजो वृद्धिं कुरुश्च मे॥

ब्रह्मवाक्य सहस्रेण शिववाक्य शतेन च। विष्णोर्नाम सहस्रेण शिखाग्रन्थिं करोम्यहम्॥

प्राणायामः

पूरक, कुम्भक एवं रेचक निम्नलिखित मन्त्र से तीन बार प्राणायाम करें:

ॐभूः ॐभुवः ॐस्वः ॐमहः ॐजनः ॐतपः ॐसत्यम् तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्। आपो ज्योति रसोमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम् ॥ (हस्तौ प्रक्षाल्य)

आधारशक्ति पृथिवी पूजनम्

यजमान के सामने सिन्दूर से त्रिकोण रेखा खींच कर गन्ध, अक्षत व पुष्प लेकर माता पृथ्वी की पूजा करें।

ॐस्योनापृथिवि नो भवा नृक्षरानिवेशनी । यच्छानः शर्म्मसप्रथाः॥

ॐभूर्भुवःस्वः आधारशक्त्यै नमः विष्णुपत्न्यै नमः वसुन्धरायै नमः सकल पूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

(भूमि को स्पर्श कर प्रणाम करें)

प्रर्थनाम्-ॐ पृथ्वी त्वया धृतालोका देवि त्वं विष्णुना धृता। त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः पृथिव्यै नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि प्रणमामि।

यजमानभाले-स्वस्ति तिलकम्

निम्नलिखित मन्त्र से अपने संप्रदायानुसार चन्दन लगायें।

पुरुषस्य तिलक करण मन्त्रः

ॐभद्रमस्तु शिवञ्चास्तु महालक्ष्मीः प्रसीदतु। रक्षन्तु त्वां सदा देवाः सम्पदः सन्तु सर्वदा॥

महापुरुषस्य तिलक करण मन्त्रः

ॐस्वस्तिनऽइन्द्रोव्वृद्धश्श्रवाः स्वस्तिनः पूषाव्विश्श्ववेदाः। स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनोबृहस्प्पतिर्द्दधातु॥

अक्षतारोपणम् (अक्षत लगायें)

ॐयुञ्जन्ति ब्रध्नमरुषं चरन्तं परितस्थुषः। रोचन्तेरोचना दिवि॥ (ऋग्वे.)

बाकस्य तिलक मन्त्रः

ॐयावद् गङ्गा कुरुक्षेत्रे यावत्तिष्ठति मेदिनी। यावद् रामकथा लोके तावज्जीवतु बालकः॥

कन्यायाः तिलक मन्त्रः

ॐअम्बेऽअम्बिकेऽम्बालिके नमानयति कश्चन। स सस्त्यश्श्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम्॥

सौभाग्यवत्याः स्त्रियः तिलक मन्त्रः

ॐश्रीश्चतेलक्ष्मीश्च पत्क्न्यावहोरात्रे पार्श्वेनक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्व्यात्तम्। इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽ इषाण॥ (आयुष्मती सौभाग्वतीपुत्रवती जीववत्सा भव)

विधवायाः तिलक मन्त्रः

ॐतद्विष्णोः परमंपदꣳ सदापश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्। त्रीणिपदा व्विचक्रमे विष्णुर्गोपाऽअदाब्भ्यः। अतो धर्म्माणि धारयन्॥ (आयुष्मती धर्मवती विष्णुव्रतवती भव)

रक्षासूत्र बन्धनम्

निम्नलिखित मन्त्र से यजमान के दक्षिण हाथ में रक्षासूत्र बाँधें। कन्याओं के दक्षिण हाथ में ही मौली बाँधें एवं विवाहित स्त्रियों के बायें हाथ में रक्षासूत्र बाधें।

ॐ येन बद्धो बलीराजा दानवेन्द्रो महाबलः। ते न त्वां मनु बध्नामि रक्षे मा चल मा चल॥

यजमान हस्ते कङ्कण बन्धनम्

ॐयदाबध्नन्दाक्षायणाहिरण्यꣳ शतानीकाय सुमनस्य मानाः।
तन्मऽआबध्नामि शतशारदाया युष्माञ्जरदष्टिर्यथासम् ॥

यजमानपत्नी वाम हस्ते कङ्कण बन्धनम्ः

ॐतम्पत्नीभिरनु गच्छेमदेवाः पुत्रैर्भ्रातृ भिरुतवा हिरण्यैः।
नाकङ्गृभ्णानाः सुकृतस्यलोके तृतीये पृष्ठेऽअधिरोचने दिवः॥

ग्रन्थिबन्धनम्

ॐश्रीश्चतेलक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रेपार्श्वे नक्षत्राणिरूपमश्विनौव्यात्तम्। इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽ इषाण॥ (इस मन्त्र से ग्रन्थि बन्धन करें)

कर्मपात्र पूजनम्

यजमान के बायीं ओर त्रिकोण–मण्डल बनाकर गन्धाक्षत से पूजन कर कर्मपात्र स्थापित करें एवं हाथ में अक्षत–पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से वरुण का आवाहन करें।

ॐ भगवन् वरुणागच्छ त्वं अस्मिन् कलशे प्रभो। कुर्वेऽत्रैव प्रतिष्ठां ते जलानां शुद्धि हेतवे॥

ॐ भूर्भुवःस्वः अस्मिन् कलशे वरुणं साङ्गं सपरिवारं सायुधं स शक्तिकं आवाहयामि–स्थापयामि, सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि–नमस्करोमि।

अङ्कुश मुद्रा दिखाकर तीर्थों का आवाहन करें एवं मत्स्य मुद्रा से ढँक लें, व निम्नलिखित मन्त्र को आठ बार पढ़ें।

ॐ वं वरुणाय नमः।

कर्मपात्र का थोड़ा सा जल लेकर पूजन सामग्री, भूमि एवं यजमान के ऊपर निम्नलिखित मन्त्र से संप्रोक्षण करें।

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपिवा। यः स्मरेत् पुण्डरी काक्षं सबाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥

भूतापसारणम्

बायें हाथ में पीली सरसो या अक्षत लेकर दाहिने हाथ से कर्म भूमि के चारों तरफ व दसों दिशाओं में मन्त्र पढ़ते हुए फेंककर भूतापसारण करें।

अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमि संस्थिता। ये भूता विघ्नकर्तारः ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥
अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्। सर्वेषामविरोधेन पूजा कर्म समारभे॥
यदत्र संस्थितं भूतं स्थानमाश्रित्य सर्वतः। स्थानं त्यक्त्वा तु तत्सर्वं यत्रस्थं तत्र गच्छतु॥
भूत प्रेत पिशाचाद्या अपक्रामन्तु राक्षसाः। स्थानदस्माद् ब्रजन्त्यन्यत् स्वीकरोमि भुवं त्विमाम्॥
भूतानि राक्षसा वापि येऽत्र तिष्ठन्ति के चन। ते सर्वेऽप्यपगच्छन्तु देवपूजां करोम्यहम्॥

तीन बार ताली बजाकर सभी विघ्नों का अपसारण करें।

स्वस्ति वाचनम्

हाथ में अक्षत पुष्प लेकर सुन्दर धारणाओं की कल्पना करें एवं मंगल मन्त्रों का श्रवण करें।

हस्ते अक्षत् पुष्पाणि गृहीत्वा स्वस्तिवाचनं पठेत्

ॐआनोभद्द्राः क्रतवोयन्तु व्विश्वतोदब्धासोऽअपरीतासऽउद्भिदः। देवानोयथासद मिद्वृधेऽअसन्नप्प्रायुवो रक्षितारोदिवे दिवे॥१॥

देवानाम्भद्द्रासुमतिर्ऋजूयतान्देवानाꣳ रातिरभिनो निवर्त्तताम्। देवानाꣳसख्यमुपसे दिमाव्वयन्देवा नऽआयुः प्रतिरन्तु जीवसे ॥२॥

तान्पूर्व्वया निविदा हूमहेव्वयम्भगम्मित्रमदितिन्दक्षमस्रिधम्। अर्य्यमणं व्वरुणꣳ सोममश्विना सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥३॥

तन्नोव्वातो मयो भुव्वातुभेषजन्तन्माता पृथिवीतत्पिताद्यौः। तद्ग्रावाणः सोमसुतोमयोभुवस्तदश्विना शृणुतन्धिष्ण्या युवम् ॥४॥

तमीशानञ्जगतस्तस्थुषस्पतिन्धियञ्जिन्वमवसे हूमहे व्वयम्। पूषा नो यथा वेदसामसद्वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये ॥५॥

ॐस्वस्तिनऽइन्द्रोव्वृद्धश्रवाःस्वस्तिनःपूषाव्विश्ववेदाः। स्वस्तिनस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनोबृहस्पतिर्द्दधातु॥६॥

पृषदश्वामरुतः पृश्निमातरः शुभँय्यावानो व्विदथेषुजग्मयः। अग्निꣳ जिह्व ामनवः सूरचक्षसो व्विश्वेनोदेवाऽ अवसागमन्निह ॥७॥

भद्द्रङ्क्रर्ण्णेभिः शृणुयामदेवा भद्द्रम्पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳ सस्तनूभिर्व्व्यशे महिदेवहितँय्यदायुः॥८॥

शतमिन्नुशरदोऽन्तिदेवा यत्रानश्चक्राजरसन्तनूनाम्। पुत्रासोयत्र पितरो भवन्तिमानोमद्ध्यारीरिषतायुर्गन्तोः॥९॥

अदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्म्माता स पितासपुत्रः। व्विश्वेदेवाऽअदितिः पञ्चजनाऽ अदितिर्जा तमदिति र्जनित्त्वम्॥१०॥

द्यौः शान्तिरन्तरिक्षꣳ शान्तिः पृथिवीशान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। व्वनस्प्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्ब्रह्मशान्तिः सर्व्वꣳ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामाशान्तिरेधि ॥११॥

यतोयतः समीहसेततोनोऽअभयङ्कुरु। शन्नः कुरुप्प्रजाभ्योभयन्नः पशुभ्यः॥१२॥ ॐशान्तिः शान्तिः शान्तिः॥ शान्तिर्भवतु सुशान्तिर्भवतु।

निम्नलिखित मन्त्रों से हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर महागणपति आदि का स्मरण करें-

ॐ श्रीमन्महागणाधिपतये नमः। ॐ लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः। ॐउमामहेश्वराभ्यां नमः। ॐवाणीहिरण्यगर्भाभ्यां नमः। ॐशची-पुरन्दराभ्यां नमः। ॐ माता-पितृचरणकमलेभ्यो नमः। ॐ इष्ट देवताभ्यो नमः। ॐ कुलदेवताभ्यो नमः। ॐग्रामदेवताभ्यो नमः। ॐ स्थानदेवताभ्यो नमः। ॐवास्तुदेवताभ्यो नमः। ॐसर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। ॐ गुरुभ्यो नमः। ॐपरमगुरुभ्यो नमः। ॐ परमेष्ठीगुरुभ्यो नमः। ॐ परात्परगुरुभ्यो नमः ॐसर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः। ॐ एतत् कर्मप्रधान देवताभ्यो नमः।

गणपतिं ध्यायेत्

सुमुखश्चैक दन्तश्च कपिलोगज कर्णकः। लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः।।
धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः। द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि।।
विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा। संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते।।
शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्न वदनं ध्यायेत् सर्व विघ्नोपशान्तये।।
अभीप्सितार्थ सिद्धचर्थं पूजितो यः सुरासुरैः। सर्वविघ्न हरस्तस्मै गणाधिपतये नमः।।
सर्व मङ्गल माङ्गल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
सर्वदा सर्वकार्येषु नास्ति तेषाममङ्गलम्। येषां हृदिस्थो भगवान् मङ्गलाय तनो हरिः।।

तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव। विद्याबलं दैवबलं तदेव लक्ष्मीपते तेऽङ्घ्रियुगं स्मरामि।।

लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः। येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः।।
यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्रपार्थो धनुर्धरः। तत्र श्रीर्विजयोर्भूति र्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम।।
अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते। तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्।।

स्मृतेः सकलकल्याणं भाजनं यत्र जायते। पुरुषं तमजं नित्यं व्रजामि शरणं हरिम्।।
सर्वेष्वारम्भ कार्येषु त्रयस्त्रिभुवनेश्वराः। देवा दिशन्तु नः सिद्धिं ब्रह्मेशान जनार्दनाः।।
विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं दण्डपाणिं च भैरवम्। वन्दे काशीं गुहांगङ्गां भवानीं मणि कर्णिकाम्।।
वक्रतुण्डमहाकाय कोटि सूर्य समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।
विनायकं गुरुं भानु ब्रह्मविष्णु महेश्वरान्। सरस्वतीं प्रणम्यादौ सर्वकार्येषु सिद्धये।।

✡ संकल्पः ✡

यजमान अपने हाथ में जल, अक्षत, पुष्प, सुपाड़ी, पैसा और कुश रखे एवं पवित्र भावना से पूजन करने के निमित्त प्रतिज्ञा संकल्प करे–

हस्ते जलाऽक्षत द्रव्यं पुष्पं कुशञ्चादाय सङ्कल्पं कुर्यात्ः–

ॐ विष्णुः, विष्णुः, विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्राह्मणोह्नि द्वितीयेपरार्द्धे विष्णुपदे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवश्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे युगे कलियुगे कलिप्रथमचरणे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत–ब्रह्मावर्त्तैक देशे.....स्थाने, विक्रमशके बौद्धावतारे .....नामसंवत्सरे.. ....अयने.....ऋतौ.....मासे.....पक्षे....तिथौ.....वारे.....नक्षत्रे.....योगे....करणे.....राशि स्थितेचन्द्रे. .....राशिस्थितेभास्करे.....रास्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथा–यथा राशिस्थान स्थितेषु सत्सु एवं ग्रह–गुण विशेषण विशिष्टायां शुभ वेलायां शुभ पुण्य तिथौ.....गोत्रोत्पन्नोऽहं .....नामोऽहं (वर्मोऽहं, गुप्तोऽहं) शर्मोऽहं ममात्मनः श्रुतिस्मृति पुराण इतिहासोक्त फलावाप्तये, ऐश्वर्य अभिवृद्धचर्थं, अप्राप्त लक्ष्मी प्राप्त्यर्थं, प्राप्त लक्ष्म्याः चिरकाल संरक्षणार्थं, सकल मन ईप्सित कामना संसिद्धि अर्थं, लोके सभायां राजद्वारे वा सर्वत्र यश–विजय–लाभादि

प्राप्ति अर्थं, इह जन्मनि जन्मान्तरे वा सकल दुरित उपशमनार्थं, जन्मकुण्डल्यां, वर्षकुण्डल्यां, मास कुण्डल्यां, गोचरे च अरिष्ट स्थान स्थितानां सूर्यादिनवग्रह कृत सर्वविध पीडोपशान्त्यर्थं, सर्वापच्छान्ति पूर्वकं क्षेमस्थैर्य दीर्घायुः आरोग्य विपुल धन धान्य पुत्र-पौत्रादि प्राप्त्यर्थं सूर्यादि नवग्रहानुकूलता प्राप्त्यर्थं, तथा इन्द्रादिदश दिक्पाल प्रसन्नता सिद्धचर्थं, धर्मार्थ-काम-मोक्ष-चतुर्विध पुरुषार्थ सिद्धिद्वारा श्रीसाम्ब सदाशिवप्रीति कामनया ॐभूर्भुवःस्वः श्रीभवानीशङ्कर महारुद्र देवता प्रीत्यर्थं (नर्मदेश्वर, टंकेश्वर, पार्थिवेश्वर) शिवलिङ्गोपरि यथाज्ञानेन, षडङ्गन्यास पूर्वकं, ध्यानावाहनादि यथा मिलितोपचारैःपूजन पूर्वकं, जलधारया (दुग्धधारया).....संख्याकब्राह्मण द्वारा सकृद् रुद्रावर्तनेन (नमक-चमकेन, महारुद्रेण, अतिरुद्रेण) अभिषेकं कर्म करिष्ये।

अथाङ्ग संकल्पः (पुनर्जलादिकमादाय)

संकल्पिते कमर्णि तत्रादौ निर्विघ्नता सिद्धचर्थं श्रीगणेशाम्बिकयोः पूजनं, आचार्यादिवरणं, कलश पूजनं, आवाहन प्रतिष्ठापन पूर्वकं तत्रादौ दीप-घण्टा-शङ्खाद्यर्चन पूर्वक, यथामिलितोपचार द्रव्यैः सर्वे सांकल्पित देवानां पूजनं च करिष्ये।

कर्मज्योति पूजनम्

कलश के दक्षिण भाग (ईशान भाग) में दीपक के लिये अक्षत आदि से आसन बनाकर उसपर दीपक रखकर हाथ में गन्ध, अक्षत व पुष्प लेकर आवाहन करें।

ॐ अग्निर्ज्ज्योतिषा ज्ज्योतिष्मान्रुक्मो वर्च्चसाव्वर्च्चस्वान्। सहस्रदाऽअसि सहस्रायत्वा॥

ॐ भूर्भुवःस्वः दीपस्थदेवतायै नमः कर्मज्योत्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि सकलपूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

प्रार्थना-भो दीपदेव रूपस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत्। यावत् कर्म समाप्तिः स्यात् तावदत्र स्थिरो भव॥

ॐ भूर्भुवःस्वः दीपस्थदेवतायै नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि।

भैरव प्रणामः

ॐतीक्ष्णदंष्ट्र महाकाय कल्पान्त दहनोपम। भैरवाय नमस्तुभ्यं अनुज्ञां दातुमर्हसि॥

इस मन्त्र से महाभैरव का ध्यान करते हुए पुष्पाक्षत आदि समर्पित कर नमस्कार करें।

घण्टापूजनम् (घण्टा दीपक के दक्षिण भाग में स्थापित करें)

हाथ में गंध, अक्षत एवं पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से पूजन करें।

हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहीत्वा घण्टा पूजनं करिष्ये।

ॐसुपर्ण्णोसिगरुत्माँस्त्रिवृत्ते शिरोगायत्रञ्चक्षुर्बृहद्रथन्तरेपक्षौ। स्तोमऽआत्माच्छन्दाꣳस्यङ्गानियजूꣳषिनाम॥ सामतेतनूर्व्वामदेव्यँय्यज्ञायज्ञि यम्पुच्छन्धिष्ण्याः शफाः॥ सुपर्ण्णोसिगरुत्मान्दिवङ्गच्छ स्वः पत॥

ॐ भूर्भुवःस्वः घण्टस्थगरुणाय नमः, सर्ववाद्यमयीघण्टाय नमः गरुडं आवहयामि स्थापयामि सकल पूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

हाथ में पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से प्रार्थना करें-

प्रार्थनाः-ॐआगमर्थन्तु देवानां गमनार्थं तु रक्षसाम्। कुरु घण्टे वरं नादं देवतास्थान सन्निधौ॥

ॐ भूर्भुवःस्वः घण्टस्थ गरुणाय नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि।

शङ्ख पूजनम् (शंख देवताओं के वायें भाग में स्थापित करें)

हाथ में गंध, अक्षत एवं पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से शंख पूजन करें एवं एक आचमनी जल डालें।

ॐअग्निर्ऋषिः पवमानः पाञ्चजन्यः पुरोहितः। तमीमहे महागयम्॥ उपयामगृहीतो स्यग्नयेत्त्वा व्वर्च्चसऽएषते योनिरग्नयेत्त्वाव्वर्च्चसे॥

पुण्यस्त्वं शङ्ख पुण्यानां मङ्गलानां च मङ्गलम्। विष्णुना विधृतो नित्यं अतः शान्तिप्रदो भव॥
शङ्खं चन्द्रार्क दैवत्यं वरुणं चाधिदैवतम्। पृष्ठे प्रजापतिं विद्यात् अग्रे गङ्गा सरस्वती॥
त्रैलोक्ये यानि तीर्थानि वासुदेवस्य चाज्ञया। शङ्खे तिष्ठन्ति वै नित्यं तस्मात् शङ्खं प्रपूजयेत्॥

ॐ भूर्भुवःस्वः शङ्खस्थदेवतायै नमः शङ्खस्थदेवताम् आवहयामि स्थापयामि सकल पूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमस्करोमि। (शङ्खमुद्रां प्रदर्श्य)

हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर निम्न-लिखित मन्त्र से प्रार्थना करें-

प्रार्थना-त्वं पुरा सागरोत्पन्नो विष्णुना विधृतः करे। निर्मितः सर्वदेवैश्च पाञ्चजन्य नमोऽस्तु ते॥

ॐ भूर्भुवःस्वः शङ्खाधिपतये नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि।

गणेशाऽम्बिकापूजनम्

ध्यानम्

हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर गणेश और अम्बिका जी का ध्यान करें एवं ध्यान कर अक्षत पुष्प गणेश और अम्बिकाजी के श्रीचरणों में छोड़ दें।

गजाननं भूतगणादि सेवितं कपित्थ जम्बूफल चारुभक्षणम्।
उमासुतं शोकविनाश कारकं नमामिविघ्नेश्वर पादपङ्कजम्॥
या श्रीस्वयं सुकृतिनां भवनेष्व लक्ष्मीः पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः।
श्रद्धासतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा तां त्वां नताःस्म परिपालयदेवि विश्वम्॥

ॐ भूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः ध्यायामि ध्यानं समर्पयामि।

आवाहनम्

हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र से गणेश एवं अम्बिकाजी का आवाहन करें।

ॐगणानान्त्वागणपतिꣳ हवामहे प्रियाणान्त्वा प्रियपतिꣳ हवामहे निधीनान्त्वा निधिपतिꣳ हवामहेव्वसोमम। आहमजानिगर्ब्भधमा त्वमजासि गर्ब्भधम्॥

ॐअम्बेऽअम्बिकेऽम्बालिके नमानयतिकश्चन। स सस्त्यश्श्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः आवाहयामि स्थापयामि आवाहनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

प्राणप्रतिष्ठापनम्

ॐ मनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टंय्यज्ञः समिमन्दधातु। व्विश्श्वेदेवासऽइहमादयन्ता मोंऽ३॥ प्रतिष्ठ॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः सुप्रतिष्ठिते वरदे भवेताम्। **(हाथ से स्पर्श कर प्रतिष्ठा करें)**

आसनम्

ॐपुरुषऽएवेदꣳ सर्व्वंय्यद्भूतँय्यच्च भाव्व्यम्। उतामृतत्त्वस्ये शानो यदन्ने नातिरोहति ॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः आसनार्थे पुष्पं समर्पयामि। **(आसन के निमित्त पुष्प छोड़ें)**

पाद्यम् (चरण-प्रक्षालन)

ॐएतावानस्य महिमा तोज्यायाँश्चपूरुषः। पादोस्य व्विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि ॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः पाद्योःपाद्यम् समर्पयामि। **(चरणों का प्रक्षालन करें)**

हस्तयोः अर्घ्यम्

ॐत्रिपादूद्ध्वऽउदैत्त्पुरुषः पादोस्येहाभवत्त्पुनः। ततोव्विष्व्वङ् व्यक्क्रामत्सा शनानशनेऽअभि॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः हस्तयोः अर्घ्यम् समर्पयामि। **(गणेशाम्बिका को अर्घ्य दें)**

मुखे-आचमनीयम् (एक आचमनी जल से मुख धुलायें)

ॐततोव्विराड जायतव्विराजोऽअधिपूरुषः। सजातोऽअत्त्यरिच्च्य तपश्च्चाद्भूमि मथोपुरः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः मुखे-आचमनीयम् समर्पयामि।

सर्वाङ्गेस्नानम्

ॐतस्माद्यज्ज्ञात्सर्व्वहुतः सम्भृतम्पृषदाज्ज्यम् ॥ पशूँताँश्चक्क्रे व्वायव्व्या नारण्याग्राम्याश्चजे ॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः सर्वाङ्गेस्नानं समर्पयामि। **(शुद्ध जल से सर्वाङ्ग स्नान करायें)**

पयः स्नानम्

ॐपयः पृथिव्व्याम्पयऽओषधी षुपयो दिव्व्यन्तरिक्षेपयोधाः। पयस्वतीः प्रदिशः सन्तुमह्य्यम् ॥२॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः पयःस्नानं समर्पयामि। **(गणेशाम्बिका को दूध से स्नान करायें)**

शुद्धोदकस्नानम्

ॐ देवस्यत्त्वा सवितुः प्रसवेश्विनोर्व्बाहुब्भ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि। **(स्नान के उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ)**

दधिस्नानम्

ॐदधिक्राब्णोऽअकारिषं जिष्णो रश्श्वस्य व्वाजिनः। सुरभिनो मुखाकरत्प्रणऽआयूꣳषि तारिषत्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः दधिस्नानं समर्पयामि। **(दधिस्नान करायें, स्नान के उपरान्त जल चढ़ायें)**

घृतस्नानम्

ॐघृतम्मिमिक्षे घृतमस्य योनिर्घृते श्रितो घृतम्व्वस्य धाम। अनुष्व धमावह मादयस्व स्वाहाकृतं व्वृषभव्वक्षि हव्व्यम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः घृतस्नानं समर्पयामि। **(घी से स्नान करायें, स्नान के उपरान्त जल जल चढ़ायें)**

मधुस्नानम्

ॐमधुव्वाताऽऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः माध्वीर्न्नः सन्त्वोषधीः। मधुनक्तमुतोषसो मधुमत्त्पार्थिवꣳ रजः।

मधुद्यौरस्तुनः पिता। मधुमान्नो व्वनस्पतिर्म्मधुमाँ२॥ऽ अस्तु सूर्यः। माध्वीर्ग्गावो भवन्तु नः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः मधुस्नानं समर्पयामि। शहद से स्नान करायें।

स्नान के उपरान्त जल से स्नान कराएँ।

शर्कारास्नानम्

ॐअपाꣳ रसमुद्वयसꣳ सूर्य्येसन्तꣳ समाहितम्। अपाꣳरसस्ययो रसस्तम्वो गृह्णाम्युत्त ममुपयामगृहीतो सीन्द्रायत्त्वा जुष्टङ्गृह्णाम्येषते योनिरिन्द्रायत्त्वा जुष्टतमम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः शर्कारास्नानं समर्पयामि, **(शर्करा से स्नान करायें, स्नान के उपरान्त जल से स्नान कराएँ)**

मिलित-पञ्चामृत स्नानम्

ॐपञ्चनद्यः सरस्वतीमपि यन्ति सस्रोतसः। सरस्वती तु पञ्चधा सो देशे भवत्सरित्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः पञ्चामृत स्नानं समर्पयामि। **(पञ्चामृत से स्नान करायें, पुनःजल चढ़ायें)**

गन्धोदकस्नानम्

ॐगन्धर्व्वस्त्वा व्विश्वावसुःपरिदधातु व्विश्वस्यारिष्टचै यजमानस्य परिधिरस्यग्निरिडऽईडितः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः गन्धोदकस्नानं समर्पयामि। **(चन्दन मिश्रित जल से स्नान करायें)**

शुद्धोदकस्नानम्

ॐशुद्धवालः सर्व्वशुद्धवालोमणिवालस्तऽआश्विनाः। श्येतः श्येताक्षो रुणस्तेरुद्द्राय पशुपतये कण्र्णायामाऽ अवलिप्तारौद्द्रानभो रूपाः पार्ज्जन्याः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि। (शुद्ध जल चढ़ायें)

अधोवस्त्रम्

ॐयुवासुवासाःपरिवीतऽआगात् स उश्रेयान् भवति जायमानः। तन्धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः अधोवस्त्रं समर्पयामि, आचमनं समर्पयामि।

अधोवस्त्र चढ़ायें, पुनः जल छोड़ें।

यज्ञोपवीतम्

ॐयज्ञोपवीतं परमंपवित्रं, प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्। आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशायनमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि। आचमनं समर्पयामि, करौ प्रक्षाल्य।

जनेऊ अर्पण करें। पुनः जल छोड़ें एवं हाथ धो लें।

उपवस्त्रम्

ॐसुजातोज्ज्योतिषा सह शर्म्म व्वरूथ मास दत्स्वः। व्वासोऽअग्ने व्विश्वरूपꣳ संव्ययस्व व्विभावसो॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः उपवस्त्रं समर्पयामि। वस्त्रान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि, करौ प्रक्षाल्य।

गणेशाम्बिका को उपवस्त्र चढ़ायें। पुनः जल छोड़ें, एवं हाथ धो लें।

गन्धम् (चन्दनम्)

ॐ त्वाङ्गध्वर्व्वाऽ अखनँस्त्वा मिन्द्रस्त्वाम्बृहस्पतिः। त्वामोषधे सोमो राजा व्विद्वान्यक्ष्मा दमुच्च्यत्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः चन्दनं समर्पयामि। **(चन्दन लगायें।)**

अक्षतान् (चावल)

ॐ अक्षन्नमीमदन्त ह्यवप्रियाऽअधूषत्। अस्तोषत स्वभानवो व्विप्रा नविष्ठया मतीयोजान्विन्द्रते हरी॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः अक्षतान् समर्पयामि। **(अक्षत चढ़ायें)**

पुष्पाणि-पुष्पमाल्याम्

ॐओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः। अश्वाऽइव सजित्त्वरीर्व्वी रुधः पारयिष्णवः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः पुष्पाणि पुष्पमाल्यां च समर्पयामि। **(पुष्प एवं पुष्प माला चढ़ायें)**

बिल्वपत्रम्

ॐ नमोबिल्म्मिने च कवचिने च नमो व्वर्म्मिणे च व्वरूथिनेचनमः श्श्रुताय च श्श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुब्भ्या य चा हनन्न्याय च॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः बिल्वपत्रं समर्पयामि। **(बेलपत्र चढ़ायें)**

दूर्वाङ्कुरान्

ॐ काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि। एवानो दूर्व्वे प्प्रतनु सहस्रेण शतेन च॥

दूर्वाङ्कुरान्सुहरितान् अमृतान् मङ्गलप्रदान्। आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः दूर्वाङ्कुरान् समर्पयामि। **(दूर्वाङ्कुर चढ़ायें)**

नानापरिमलद्रव्याणि

ॐ अहिरिवभोगैः पर्य्येति बाहुञ्ज्याया हेतिम्परि बाधमानः। हस्तघ्नो व्विश्श्वाव्वयुनानि व्विद्वान्पुमान्पुमाꣳ सम्परिपातुव्विश्श्वतः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः नानापरिमल द्रव्याणि समर्पयामि। **(अबीर, गुलाल हल्दी आदि चढ़ायें)**

सुगन्धित द्रव्याणि

ॐ त्र्यम्बकंय्यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्द्धनम्। उर्व्वारुकमिव बन्धनान्न्मृत्योर्म्मुक्षीय मा मृतात्। त्र्यम्बकं यजामहे

सुगन्धिम्पतिवेदनम्। उर्व्वारुकमिव बन्धनादितोमुक्षीय मा मुतः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः सुगन्धित द्रव्यं समर्पयामि। **(इत्र आदि चढ़ायें)**

सिन्दूरम्

सिन्धोरिवप्प्राध्वनेशूघनासोव्वातप्प्रमियः पतयन्ति यह्वाः घृतस्य धाराऽअरुषोनव्वाजीकाष्ठाभिन्दन्नूर्म्मिभिः पिन्वमानः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः सिन्दूरं समर्पयामि। **(सिन्दूर चढ़ायें)**

धूपम्

ॐ धूरसिधूर्व्वधूर्व्वन्तंधूर्व्वतंय्योस्मान् धूर्व्वतितंधूर्व्वयं व्वयन्धूर्व्वामः। देवानामसिव्वह्नितमꣳ सस्नितमं पप्रितमञ्जुष्टतमन्देवहूतमम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः धूपं आघ्रापयामि। **(धूप अर्पण करें)**

दीपम्

ॐचन्द्रमामनसोजा तश्चक्षोः सूर्य्योऽअजायत। श्श्रोत्राद्वायुश्चप्प्राणश्च मुखादग्निरजायत॥

ॐअग्निर्ज्ज्योतिर्ज्ज्योतिरग्निः स्वाहासूर्योज्ज्योतिर्ज्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा। अग्निर्व्वर्च्चोज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा सूर्योव्वर्चो ज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा। ज्योतिः सूर्यः सूर्योज्ज्योतिः स्वाहा॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः प्रत्यक्षदीपं दर्शयामि, आचमनं समर्पयामि।

दीपक के समीप चावल छोड़कर हस्त प्रक्षालन करें।

अथगणेशाङ्ग पूजनम्

वामहस्ते गन्धाक्षत-पुष्पाणि गृहीत्वा गणेशाङ्ग पूजनम् कुर्युः

गन्ध, अक्षत एवं पुष्प आदि से भगवान् गणेशजी के अङ्गों का पूजन करें।

ह्रीं गणेश्वराय नमः पादौ पूजयामि। ह्रीं विघ्नराजाय नमः जानुनीं पूजयामि। ह्रीं आखुवाहनाय नमः ऊरुं पूजयामि। ह्रीं हेरम्बाय नमः कटिं पूजयामि। ह्रीं कामारिसूनवे नमः नाभिं पूजयामि। ह्रीं लम्बोदराय नमः उदरं पूजयामि। ह्रीं गौरीसुताय नमः स्तनौ पूजयामि। ह्रीं गणनायकाय नमः हृदयं पूजयामि। ह्रीं स्थूल कण्ठाय नमः कण्ठं पूजयामि। ह्रीं स्कन्दाग्रजाय नमः स्कन्धौ पूजयामि। ह्रीं पाशहस्ताय नमः हस्तौ पूजयामि। ह्रीं गजवक्त्राय नमः वक्त्रं पूजयामि। ह्रीं विघ्नहर्त्रे नमः ललाटं पूजयामि। ह्रीं सर्वेश्वराय नमः शिरः पूजयामि। ह्रीं गणाधिपाय नमः सर्वाङ्गं पूजयामि।

आवरणपूजनम् (अक्षतैः पूजयेत्)

वायें हाथ में अक्षत लेकर आवरण पूजन करें।

ह्रीं सुमुखाय नमः। ह्रीं एकदन्ताय नमः। ह्रीं कपिलाय नमः। ह्रीं गजकर्णाय नमः। ह्रीं लम्बोदराय नमः। ह्रीं विकटाय नमः। ह्रीं विघ्ननाशाय नमः। ह्रीं विनायकाय नमः। ह्रीं धूम्रकेतवे नमः। ह्रीं गणाध्यक्षाय नमः। ह्रीं भालचन्द्राय नमः। ह्रीं गजाननाय नमः।

गन्धाक्षत पुष्पाण्यादाय

अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सल। भक्त्या समर्पये तुभ्यं समस्तावरणार्चनम्॥

ॐभूर्भुवःस्वःसुमुखादि समस्तवरण देवताभ्यो नमः गन्धाक्षत पुष्पाणि समर्पयामि।

हस्ते जलमादाय-अनेन गणपत्याङ्गवरण देवताः पूजनेन सिद्धिबुद्धिसहिताय महागणपतिः प्रीयताम्।

नैवेद्यम्

ॐनाब्भ्याऽआसीदन्तरिक्षꣳ शीर्ष्णोद्यौः समवर्त्तत । पद्भ्यां भूमिर्द्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ २॥ अकल्प्पयन्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः नैवेद्यं निवेदयामि, नैवेद्यान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि। **धेनुमुद्रयाऽमृतीकृत्य ग्रासमुद्राः प्रदर्शयेत्।**

धेनु-मुद्रा से अमृती करण करें एवं योनिमुद्रा दिखायें तथा घण्टी बजायें, पश्चात् पञ्चग्रास मुद्रा दिखाकर प्रत्येक मुद्रा में जल छोड़ते जायँ।

ॐप्राणाय स्वाहा। ॐअपानाय स्वाहा। ॐव्यानाय स्वाहा। ॐउदानाय स्वाहा। ॐ समानाय स्वाहा। मध्ये-मध्ये पानीयं उत्तरा-पोशनार्थे जलं समर्पयामि। हस्तौ प्रक्षाल्य।

ऋतुफलम्

ॐयाः फलिनीर्य्याऽअफलाऽ अपुष्पायाश्चपुष्पिणीः। बृहस्पति प्रसूतास्ता नो मुञ्चत्वꣳ हसः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमःऋतुफलं समर्पयामि। **(ऋतुफल चढ़ायें)**

मुखवासार्थे ताम्बूलम्

ॐ यत्पुरुषेणहविषा देवायज्ञमतन्वत। व्वसन्तोऽस्यासीदा ज्ज्यङ्ग्रीष्मऽइध्मः शरद्धविः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः मुखवासार्थे ताम्बूलं समर्पयामि। **(पान, सुपाड़ी, लौंग और इलायची चढ़ायें)**

श्रीफलम् (नारिकेल फलम्)

ॐश्रीश्चतेलक्ष्मीश्चपत्न्या वहोरात्रेपार्श्वेनक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्व्यात्तम्। इष्णन्निषाणा मुम्मऽइषाण सर्व्व लोकम्मऽइषाण॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः श्रीफलम् समर्पयामि। **(नारियल चढ़ायें)**

दक्षिणा द्रव्यम्

ॐ हिरण्य गर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽआसीत्। सदाधार पृथिवीन्द्यामुतेमाङ्कस्मै देवायहविषा व्विधेम॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि। **(दक्षिणा (रुपये) चढ़ायें)**

विशेषार्घ्यम्

जल, गन्धाक्षत, फल-पुष्प, दूर्वा, दक्षिणा, एकस्मिन्पात्रे-प्रक्षिप्य अवनिकृत जानुमण्डलंकृत्वा, अर्घ्यपात्रं अञ्जलिना गृहीत्वा मन्त्रान् पठेत्ः-

ॐरक्षरक्ष गणाध्यक्ष रक्ष त्रैलोक्यरक्षक। भक्तानामभयं कर्ता त्राता भव भवार्णवात्॥
द्वैमातुर कृपासिन्धो षाण्मातुराग्रज प्रभो। वरदस्त्वं वरं देहि वाञ्छितं वाञ्छितार्थद॥
अनेन सफलार्घ्येण सफलोऽस्तु सदा मम।

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीगणेशाम्बिकाभ्यां नमः विशेषार्घ्यं समर्पयामि।

जल-गन्ध-अक्षत-फल-पुष्प-दूर्वा-दक्षिणा एक पात्र में एकत्रित कर गणेशजी एवं गौरीजी को विशेषार्घ्य चढ़ायें।

प्रार्थना

(हस्ते अक्षत-पुष्पाणि गृहीत्वा प्रार्थनां कुर्यात्)

ॐविघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय, लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञ विभूषिताय, गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते॥
भक्तार्ति नाशन पराय गणेश्वराय, सर्वेश्वराय शुभदाय सुरेश्वराय।
विद्याधराय विकटाय च वामनाय, भक्त प्रसन्न वरदाय नमो नमस्ते॥

नमस्ते ब्रह्मरूपाय विष्णुरूपाय ते नमः। नमस्ते ब्रह्मरूपाय करिरूपाय ते नमः॥
विश्वरूपस्व रूपाय नमस्ते ब्रह्मचारिणे। भक्तप्रियाय देवाय नमस्तुभ्यं विनायक॥
लम्बोदर नमस्तुभ्यं सततं मोदकप्रिय। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥
त्वां विघ्न शत्रुदलनेति च सुन्दरेति भक्तप्रियेति सुखदेति फल प्रदेति।
विद्या प्रदेत्यघहरेति च येस्तु वन्ति तेभ्यो गणेश वरदो भव नित्यमेव॥
गणेशपूजने कर्म यन्यूनमधिकं कृतम्। तेन सर्वेण सर्वात्मा प्रसन्नोऽस्तु सदा मम॥
समर्पणम्:-अनया पूजया गणेशाम्बिके प्रीयेतां न मम ॥

हाथ में जल लेकर गणेशाम्बिकाजी के श्रीचरणों में छोड़े दें।

✡✡✡

आचार्य वरण संकल्पः

गणेशपूजन के पश्चात् हाथ में वरण सामग्री लेकर आचार्य वरण संकल्पकर आचार्य का पूजन करें।

ॐपूर्वोच्चारित संकल्पानुसारेण, ...गोत्रोत्पन्नोऽहं ...नामोऽहं (वर्मोऽहं, गुप्तोऽहं) शर्मा यजमानोऽहं (सपत्नीकोऽहं). ..गोत्र...प्रवरं यजुर्वेदाध्यायिन...शर्माणं ब्रह्माणं अस्मिन् शिवार्चन (रुद्र, महारुद्र, अतिरुद्र-याग) कर्मणि एभिर्वरणद्रव्यैः आचार्यत्वेन त्वामहं वृणे।

ॐबृहस्पतेऽअतियदर्य्योऽअर्हा द्युमद्विभातिक्रतुमज्जनेषु। यद्दी दयच्छवसऽ ऋतप्प्रजाततदस्मा सुद्द्रविणं धेहिचित्रम् ॥

आचार्य कहें-**वृतोऽस्मि।**

कलश पूजनम्

सर्व प्रथमकलश में रोली से स्वास्तिक बनाकर व कलश के गले में तीन धागे वाली मौली (कच्चा सूत्र) लपेटकर पूजन कर्ता को अपनी बायीं ओर अबीर आदि से अष्टदल कमल बनाकर उसपर सप्तधान्य (जौ, धान, तिल, कँगनी, मूँग, चना तथा साँवा) या चावल अथवा गेहूँ या जौ रखकर उसके ऊपर कलश को स्थापित करें।

उस स्थापित कलश में जल डाल दें। तदनन्तर कलश में यथोपलब्ध सामग्री–चन्दन, सर्वौषधी, हल्दी, दूब, कुश, सप्तमृत्तिका, (घुड़साल, हाथीसाल, बाँबी, नदियों के संगम, तालाब, राजा के द्वार और गोशाला–इन सात स्थानों की मिट्टी को सप्त मृत्तिका कहते हैं)सुपारी, पञ्चरत्न, (सोना, हीरा, मोती, पद्मराग और नीलम) तथा दक्षिणा भी छोड़ें। तदुपरान्त पञ्चपल्लव (बरगद, गूलर, पीपल, आम तथा पाकड़ के नये और कोमल पत्ते) छोड़ें।

तत्पश्चात्–कलश को वस्त्र से अलंकृत करें तथा कलश के ऊपर चाल से भरे पूर्णपात्र को रखें और उस पर लाल कपड़े से वेष्टित नारियल को भी रखें। नारियल के अभाव में सुपारी अथवा फल रखें।

वरुणं आवाहयेत्

कलश में सर्वप्रथम जल के अधिपति वरुणदेव का अक्षत पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र के द्वारा आवाहन करें।

ॐ तत्त्वायामिब्ब्रह्मणावन्दमानस्तदा शास्तेयजमानोहविर्ब्भिः। अहेडमानो वरुणेहबोध्युरुशꣳ समानऽआयुः प्रमोषीः॥

अस्मिन् कलशे वरुणं साङ्गं सपरिवारं सायुधं स शक्तिकं आवाहयामि स्थापयामि। ॐअपांपतये वरुणाय नमः। इति पञ्चोपचारैर्वरुणं सम्पूज्य। (चावल फूल छोड़कर, वरुणदेव की पञ्चोपचार से पूजा करें)

कलशस्थित देवानां नदीनां तीर्थानां च आवाहनम्

तदनन्तर अन्य देवी–देवताओं का हाथ में अक्षत–पुष्प लेकर निम्न मन्त्र पढ़ते हुए आवाहन करें–

ॐकलाकला हि देवानां दानवानां कला कलाः। संगृह्य निर्मितो यस्मात् कलशस्तेन कथ्यते॥

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठेरुद्रः समाश्रितः। मूले त्वस्यस्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः॥
कुक्षौ तु सागराः सप्त सप्तद्वीपा च मेदिनी। अर्जुनी गोमती चैव चन्द्रभागा सरस्वती॥
कावेरी कृष्ण वेणा च गङ्गा चैव महानदी। तापी गोदावरी चैव माहेन्द्री नर्मदा तथा॥
नदाश्च विविधा जाता नद्यः सर्वास्तथा पराः। पृथिव्यां यानि तीर्थानि कलशस्थानि तानि वै॥
सर्वे समुद्राः सरितः तीर्थानि जलदा नदाः। आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षय कारकाः॥
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्य थर्वणः। अङ्गैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रिताः॥
अत्र गायत्री सवित्री शान्तिः पुष्टिकरी तथा। आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षय कारकाः॥

(हाथ के अक्षत-पुष्प कलश पर चढ़ा दें)

प्रतिष्ठापनम्-ॐमनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टंय्यज्ञः समिमन्दधातु॥ व्विश्श्वेदेवासऽइहमादयन्तामोंऽ३॥ प्रतिष्ठ॥

कलशे वरुणाद्यावाहित देवताः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु।

अक्षत-पुष्प छोड़ते हुए कलश की प्रतिष्ठा करे और निम्नलिखत उपचारों से वरुणदेव एवं आवाहित सभी देवताओं का सविधि पूजन करें।

कलशे वरुणाद्यावाहित देवताभ्यो नमः। षोडशोपचारैःपूजनम् कुर्यात्। आसनार्थे अक्षतान् समर्पयामि। पादयोः पाद्यं समर्पयामि। हस्तयोः अर्घ्यं समर्पयामि। आचमनीयं जलं समर्पयामि। सवाङ्गेस्नानं समर्पयामि। पञ्चामृत स्नानं समर्पयामि। शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि। वस्त्रं समर्पयामि। आचमनीयं जलं समर्पयामि। हस्तौप्रक्षाल्य। यज्ञोपवीतं समर्पयामि। आचमनीयं समर्पयामि। उपवस्त्रं समर्पयामि। गन्धं समर्पयामि। अक्षतान् समर्पयामि। पुष्पमालां समर्पयामि। नानापरिमल द्रव्याणि समर्पयामि। धूपमाघ्रापयामि। प्रत्यक्षदीपं दर्शयामि। हस्तौ प्रक्षाल्य। नैवेद्यं समर्पयामि।

आचमनीयं जलं समर्पयामि। मध्ये पानीयं उत्तरापोशनं च समर्पयामि। ताम्बूलं समर्पयामि। कृताया:पूजाया: साद्गुण्यार्थे द्रव्य दक्षिणां समर्पयामि। मन्त्र पुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

कलश प्रार्थना

पूजनोपरान्त हाथ में पुष्प लेकर इस प्रकार प्रार्थना करें–

देव दानव संवादे मथ्यमाने महोदधौ। उत्पन्नोऽसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम् ॥
त्वत्तोये सर्वतीर्थानि देवा: सर्वे त्वयि स्थिता:। त्वयितिष्ठन्ति भूतानि त्वयि प्राणा:प्रतिष्ठिता:॥
शिव: स्वयं त्वमेवाऽसि विष्णुस्त्वं च प्रजापति:। आदित्या वसवो रुद्रा विश्वेदेवा: सपैतृका:॥
त्वयितिष्ठन्ति सर्वेऽपि यत: काम फल प्रदा:।
त्वत्प्रसादादिमां पूजां कर्तुमीहे जलोद्भव। सान्निध्यं कुरु मे देव प्रसन्नो भव सर्वदा॥
नमो नमस्ते स्फटिकप्रभाय, सुश्वेतहाराय सुमङ्गलाय।
सुपाशहस्ताय झषासनाय, जलाधिनाथाय नमो नमस्ते॥
पाशपाणे नमस्तुभ्यं पद्मिनी जीवनायक। यावत्कर्म समाप्ति: स्यात् तावदत्र स्थिरो भव॥

ॐभूर्भुव:स्व: कलशोपरि सर्वेआवाहित देवताभ्यो नम: प्रार्थनापूर्वकं नमस्करोमि।

समर्पणम्:–अनया पूजया कलशे वरुणाद्यावाहित देवता: प्रीयन्तां, न मम।

✡ ✡ ✡

षोडशमातृका पूजनम्

१५.आत्मनः कुलदेवता ✡	१२.लोकमातरः ✡	८.देवसेना ✡	४.मेधा ✡
१५.तुष्टि ✡	११.मातरः ✡	७.जया ✡	३.शची ✡
१४.पुष्टिः ✡	१०. स्वाहा ✡	६.विजया ✡	२.पद्मा ✡
१३.धृतिः ✡	९.स्वधा ✡	५.सावित्री ✡	१.गौरी ✡ गणेश

षोडश मातृकाओं के लिये सोलह कोष्ठवाला एक चौकोर मण्डल बनायें। उन सोलह कोष्ठकों में पश्चिम से पूर्व की ओर क्रमशः निम्नलिखित नाम मन्त्रों से आवाहन करें।

(१) ॐ गौर्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (२) ॐपद्मायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (३) शच्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (४) मेधायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (५) ॐसावित्र्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (६) विजयायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (७) ॐजयायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (८) देवसेनायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (९) ॐस्वधायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (१०) ॐ स्वाहायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (११) ॐ मातृभ्यो नमः आवाहयामि स्थापयामि। (१२) ॐ लोकमातृभ्यो नमः आवाहयामि स्थापयामि। (१३) ॐ धृत्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (१४) ॐ पुष्टच्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (१५) ॐ तुष्टच्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि। (१६) ॐ आत्मनः नमः कुलदेवतायै आवाहयामि स्थापयामि।

प्रतिष्ठापनम्-ॐमनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टंय्यज्ञः समिमन्दधातु। व्विश्श्वेदेवासऽ इहमा दयन्तामोंऽ॥ प्रतिष्ठ ॥

गणेश सहितगौर्यादिषोडशमातृकाभ्यो नमः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु।

'गणेश सहितगौर्यादिषोडशमातृकाभ्यो नमः' इति पञ्चोपचारैः सम्पूज्य।

इस नाम मन्त्र से गन्ध-अक्षत आदि उपचारों से के द्वारा पूजन करें और निम्नलिखित मन्त्र से प्रार्थना करें।

गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया। देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः॥

धृतिः पुष्टिस्तथा तुष्टिरात्मनःकुलदेवता। गणेशेनाधिकाह्येता वृद्धौ पूज्याश्च षोडश॥

ॐभूर्भुवः स्वः गणेश सहितगौर्यादिषोडशमातृकाभ्यो नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि।

समर्पण-अनया पूजया गणेश सहितगौर्यादिषोडशमातरः प्रीयन्तां न मम-कहकर मण्डलपर जल छोड़ दें और पुनः प्रणाम करें।

सप्तघृतमातृकाचक्रम्

श्रीः

0

0 0

0 0 0

0 0 0 0

0 0 0 0 0

0 0 0 0 0 0

0 0 0 0 0 0 0

सप्तघृतमातृका पूजनम्

श्री, लक्ष्मी, धृति, मेधा, पुष्टि, श्रद्धा तथा सरस्वती-ये सात सप्तघृतमातृकाएँ कहलाती हैं। इनके पूजन के लिये किसी वेदी अथवा पाटे पर प्रादेशमात्र स्थान में पहले रोली या सिन्दूर से स्वास्तिक बनाकर ॥श्रीः॥ लिखें। इसके नीचे एक बिन्दु और उसके नीचे दो बिन्दु, इसी प्रकार क्रमशः तीन, चार, पाँच, छः बिन्दु बनाते हुए सबसे नीचे सात बिन्दु बनायें। यह सप्तघृतमातृका मण्डल है। इन्हें गरम घी की सात धाराएँ भी देनी चाहिये।

तदनन्तर नीचे लिखे नाम मन्त्रों से अक्षत-पुष्प लेकर आवाहन करें-

ॐश्रियै नमः आवाहयामि स्थापयामि। ॐलक्ष्म्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि। ॐधृत्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि। ॐमेधायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। ॐस्वाहायै नमः

आवाहयामि स्थापयामि। ॐप्रज्ञायै नमः आवाहयामि स्थापयामि। ॐसरस्वत्यै नमः आवाहयामि स्थापयामि।

प्रतिष्ठापनम्–**ॐमनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टंय्यज्ञः समिमन्दधातु। व्विश्श्वेदेवासऽ इहमा दयन्तामों३ प्रतिष्ठ॥**

सप्तघृतमातृकाभ्यो नमः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु।

तदनन्तर '**सप्तघृतमातृकाभ्यो नमः**' इस मन्त्र द्वारा गन्धादि उपचारों से पूजन करें, एवं निम्नलिखित मन्त्र से प्रार्थना करें–

ॐश्रीर्लक्ष्मीर्धृतिर्मेधा स्वाहा प्रज्ञा सरस्वती। माङ्गल्येषु प्रपूज्यन्ते सप्तैताघृतमातरः। प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि॥

पूजनोपरान्त '**अनया पूजया वसोर्धारादेवताः प्रीयन्तां, न मम**' कहकर मण्डल पर जल छोड़ दें और पूजन कर्म को समर्पित कर दें।

नवग्रह मण्डलम्



नवग्रह-पूजन

ग्रहों के स्थापन के लिये किसी वेदी अथवा पाटेपर नौ कोष्ठकों का एक चौकोर मण्डल बनायें। बीचवाले कोष्ठक में सूर्य, अग्निकोण के कोष्ठक में चन्द्र, दक्षिण में मंगल, ईशानकोण के कोष्ठक में बुध, उत्तर में बृहस्पति, पूर्व में शुक्र, पश्चिम में शनि, नैर्ऋत्यकोण के कोष्ठक में राहु और वायव्यकोण के कोष्ठक में केतु की स्थापना करें। नवग्रह मण्डल का चित्र पिछले पृष्ठ में दिया गया है।

ग्रहों का आवाहन-हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर सूर्यादि ग्रहों के नाम मन्त्रों से पूर्वोक्त कोष्ठकों में नौ ग्रहों का पृथक्-पृथक् आवाहन-स्थापन करें और अक्षत-पुष्प छोड़ते जायँ-

(१) ॐ सूर्याय नमः सूर्यमावाहयामि स्थापयामि। **(२) ॐ सोमाय नमः सोममावाहयामि स्थापयामि।**

(३) ॐ भौमाय नमः भौममावाहयामि स्थापयामि। **(४) ॐ बुधाय नमः बुधमावाहयामि स्थापयामि।**

(५) ॐ गुरवे नमः गुरुमावाहयामि स्थापयामि। **(६) ॐ शुक्राय नमः शुक्रमावाहयामि स्थापयामि।**

(७) ॐ शनैश्चराय नमः शनैश्चरमाहयामि स्थापयामि। **(८) ॐ राहवे नमः राहुमाहयामि स्थापयामि ।**

(९)ॐ केतवे नमः केतुमावाहयामि स्थापयामि। **-ॐ अधिदेवताभ्यो नमः आवाहयामि स्थापयामि।**

-ॐप्रत्यधिदेवताभ्यो नमः आवाहयामि स्थापयामि। **-ॐदसदिक्पालेभ्यो नमः आवाहयामि स्थापयामि।**

-ॐपञ्चलोकपाल देवताभ्यो नमः आवाहयामि स्थापयामि।

-हाथ में अक्षत पुष्प लेकर निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण कर ग्रहों को प्रतिष्ठित करें और मण्डल पर अक्षत छोड़ दें।

प्रतिष्ठापनम्-ॐमनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनो त्वरिष्टंय्यज्ञꣳ समिमन्दधातु॥ व्विश्श्वेदेवासऽ इहमा दयन्तामोंꣳ३॥ प्रतिष्ठ॥

अस्मिन् नवग्रह मण्डले आवाहिताः सूर्यादिनवग्रहदेवाः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु।

निम्नलिखित नाम मन्त्र से गन्ध–अक्षत आदि पञ्चोपचार अथवा षेडशोपचार द्रव्यों से पूजन करें।

ॐभूर्भुवःस्वः आवाहित सूर्यादिनवग्रहेभ्यो देवेभ्यो नमः।

पूजनोपरान्त हाथ जोड़कर प्रार्थना करें–

ब्रह्मामुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च।
गुरुश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः सर्वे ग्रहाः शान्तिकरा भवन्तु॥

सूर्यः शौर्यमथेन्दुरुच्चपदवीं सन्मङ्गलं मङ्गलः, सद्बुद्धिं च बुधो गुरुश्च गुरुतां शुक्रः सुखं शं शनिः।
राहुर्बाहुबलं करोतु सततं केतुः कुलस्योन्नतिं, नित्यं प्रीतिकरा भवन्तु मम ते सर्वेऽनुकूला ग्रहाः॥

इसके बाद निम्नलिखित वाक्य उच्चारण करते हुए नवग्रहमण्डल पर जल छोड़ दें और नमस्कार करें–

'अनया पूजया सूर्यादिनवग्रहाः प्रीयन्तां न मम।'

–तदनन्तर प्रधान देवता श्रीसत्यनारायण (श्रीशालग्राम) का पूजन आगे दी गयी विधि के अनुसार करें।

✡✡✡

श्रीशालग्राम एवं सत्यनारायणपूजन

श्रीशालग्राम साक्षात् श्रीसत्यनारायण भगवान् हैं, इसलिये शालग्राम-शिला में प्राण-प्रतिष्ठा आदि संस्कारों की आवश्यकता नहीं होती। श्रीशालग्रामजी की पूजा में आवाहन और विसर्जन भी नहीं होता। इनके साथ भगवती तुलसी का नित्य संयोग माना गया है। शयन के समय तुलसी पत्र को शालग्राम-शिला से हटाकर पार्श्व (बगल) में रख दिया जाता है। जहाँ शालग्राम-शिला होती है, वहाँ सभी तीर्थ और भुक्ति-मुक्ति का निवास होता है। शालग्राम भगवान् का चरणोदक सभी तीर्थों से अधिक पवित्र माना गया है। स्त्री, शूद्र एवं अनुपनीत ब्राह्मण आदि को शालग्राम-शिला का स्पर्श नहीं करना चाहिये। ऐसी स्थिति में प्रतिनिधिरूप में यज्ञोपवीतधारी ब्राह्मण के द्वारा यह पूजा करानी चाहिये अथवा प्रतिमा या चित्रपट की पूजा करनी चाहिये, चित्रपट में उक्त नियम नहीं हैं।

हाथ में पुष्प लेकर भगवान् सत्यनारायण (शालग्राम) भगवान् का ध्यान करें-

ध्यानम्- नमोऽस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये सहस्रपादाक्षिशिरोरुबाहवे।
सहस्रनाम्ने पुरुषाय शाश्वते सहस्रकोटी युगधारिणे नमः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः ध्यानार्थे पुष्पं समर्पयामि (श्रीसत्यनारायणजी के सामने पुष्प रख दें)

आवाहनम्-ॐसहस्रशीर्षा पुरुषःसहस्राक्षः सहस्रपात्। सभूमिꣳ सर्व्व तस्पृत्त्वा त्त्यतिष्ठ द्दशाङ्गुलम्॥
आगच्छ भगवन् देव स्थाने चात्र स्थिरो भव। यावत् पूजां करिष्यामि तावत् त्वं सन्निधौ भव॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः आवाहनार्थे पुष्पं समर्पयामि। (आवाहन के निमित्त पुष्प छोड़ें)

आसनम्-ॐपुरुषऽ एवेदꣳ सर्व्वंय्यद्भूतँय्यच्च भाव्यम्। उतामृतत्त्वस्ये शानो यदन्ने नाति रोहति ॥

स्फुरत्प्रभं काञ्चनपूरपूरितं शशाङ्कभाविन्दुसमेतमेतत्।
हृत्पद्मतुल्यं विधिवन्मयाहृतं लक्ष्मीपते तुभ्यमिदं वरासनम् ॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः आसनार्थे रक्तसूत्रं समर्पयामि। (आसन के निमित्त अक्षत् छोड़ें)

पाद्यम्- ॐएता वानस्य महिमातो ज्यायाँश्चपूरुषः। पादोस्य व्विश्वाभूतानि त्रिपादस्या मृतन्दिवि॥

गङ्गोदकं निर्मलं च सर्वसौगन्ध्यसंयुतम्। पादप्रक्षालनार्थाय दत्तं मे प्रतिगृह्यताम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः पादयोः पाद्यं समर्पयामि (चरणों के प्रक्षालन के निमित्त जल छोड़ें)

हस्तयोः अर्घ्यम्:-ॐ त्रिपादूद्ध्वऽ उदैत्पुरुषः पादोस्येहाभवत्पुनः। ततोव्विख्वङ्व्यक्क्रा मत्साशना नशनेऽअभि॥

पाटीरपूरितकनेकविधैः शुभेश्च दूर्वादलैश्च परिभूषितमेतमीश।
लक्ष्मीपते ननु गृहाण करार्घमेहि भक्ताश्च पूरय निकामसकामकामैः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः हस्तयोःअर्घ्यं समर्पयामि। (हाथ में जल लकर अर्य दें)

मुखे आचमनीयम्-ॐततोव्विराड जायत व्विराजोऽ अधिपूरुषः। सजातोऽअत्त्यरिच्च्य तपश्चाद्भूमि मथोपुरः॥

सर्वतीर्थ समायुक्तं सुगन्धि निर्मलं जलम्। आचम्यतां मया दत्तं गृहाण परमेश्वर॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः मुखे आचमनीयं जलं समर्पयामि। (मुख प्रक्षालन के निमित्त एक आचमनी जल छोड़ें)

सर्वाङ्गेस्नानम्-ॐतस्मा द्यज्ञात्सर्व्वहुतः सम्भृतम्पृष दाज्ज्यम्। पशूँताँश्चक्क्रे व्वायव्व्या नारण्या ग्राम्याश्चजे ॥

परमानन्द वोधाब्धि निमग्न निजमूर्तये। साङ्गोपाङ्गमिदं स्नानं कल्पयामि प्रसीद मे ॥

गङ्गा-सरस्वती-रेवा पयोष्णी नर्मदाजलैः। स्नापितोसि महाविष्णु ह्यतः शान्तिं कुरुष्व मे ॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः समर्पयामि (सम्पूर्ण स्नान करायें)

पय:स्नानम्-ॐपय: पृथिव्वयाम्पयऽओषधी षुपयो दिव्व्यन्त रिक्षे पयोधा:। पयस्वती: प्रदिश: सन्तुमह्य्यम्॥

गोक्षीर स्नानं देवेश गोक्षीरेण मया कृतम्। स्नपनं देव देवेश गृहाण परमेश्वर॥

ॐभूर्भुव:स्व: श्रीसत्यनारायणाय नम: पय:स्नानं समर्पयामि, पय:स्नानान्तेशुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

(दूध से स्नान करायें, उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ)

दधिस्नानम्-ॐ दधिक्राव्णणोऽअकारिषं जिष्णणो रश्वस्य व्वाजिन:। सुरभिनोमुखा करत्प्रणऽआयूꣳषि तारिषत्॥

दध्ना चैव महाविष्णु: स्नपनं क्रियते धुना। गृहाण श्रद्धया दत्तं तव प्रीत्यर्थमेव च॥

ॐभूर्भुव:स्व: श्रीसत्यनारायणाय नम: दधि-स्नानं समर्पयामि, दधि स्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

दधिस्नान करायें, स्नान के उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ।

घृतस्नानम्:-ॐघृतम्मिमिक्षे घृतमस्ययोनिर्घृतेश्रितो घृतम्व्वस्यधाम। अनुष्व्वधमावह मादयस्व स्वाहाकृतं व्वृषभव्वक्षि हव्व्यम्॥

सर्पिषा च मया देव स्नपनं क्रियते धुना। गृहाण श्रद्धया दत्तं तव प्रीत्यर्थमेव च॥

ॐभूर्भुव:स्व: श्रीसत्यनारायणाय नम: घृत स्नानं समर्पयामि, घृतस्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

(घी से स्नान करायें। स्नान के उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ)

मधुस्नानम्-ॐमधुव्वाताऽ ऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धव: माध्वीर्न्न: सन्त्वोषधी:। मधुनक्क्त मुतोषसो मधुमत्त्पार्थिवꣳ रज:। मधुद्यौरस्तुन: पिता। मधुमान्नो व्वनस्पतिर्म्मधुमाँ२॥ऽअस्तु सूर्य:। माध्वीर्ग्गावो भवन्तु न:॥

इदं मधु मया दत्तं तव प्रीत्यर्थमेव च। गृहाण त्वं हि देवेश मम शान्तिप्रदो भव॥

ॐभूर्भुव:स्व: श्रीसत्यनारायणाय नम: मधु स्नानं समर्पयामि, मधुस्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

(शहद से स्नान करायें। उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ)

शर्करास्नानम्-ॐअपाꣳ रस मुद्वयसꣳ सूर्य्ये सन्तꣳ समाहितम्। अपाꣳ रसस्ययो रसस्तम्वो गृह्णाम्युत्त

ममुपयामगृहीतो सीन्द्रायत्त्वा जुष्टङ्गृह्णाम्येषते योनिरिन्द्रायत्त्वा जुष्टतमम् ॥

सितया देव देवेश स्नपनं क्रियते धुना। गृहाण श्रद्धया दत्तां सुप्रसन्नो भव प्रभो॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः शर्करा स्नानं समर्पयामि, शर्करास्नानान्ते शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

शर्करा से स्नान करायें, उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराएँ।

मिलित-पञ्चामृत स्नानम्:-ॐपञ्चनद्यः सरस्वतीमपि यन्ति सस्रोतसः। सरस्वती तु पञ्चधा सो देशे भवत्सरित्॥

दीने त्वया वा विहितानुकम्पा संख्यायतां क्रामति सा न संख्याम्।

विभो मयाङ्गी कुरुभव्यरूप पञ्चामृत स्नानमिदं विशुद्धम् ॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः पञ्चामृत स्नानं समर्पयामि। (पञ्चामृत से स्नान करायें।)

शुद्धोदकस्नानम्-ॐ देवस्यत्त्वा सवितुः प्रसवेश्विनोर्व्बाहुब्भ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्॥

आनन्दकन्दे सुरवृन्द वन्द्ये पादारविन्दे किमुकल्पयामि। मन्दाकिनी भङ्गमरीचिमालं तोयं मुदा केवलमर्पयामि॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि। (शुद्धजल से स्नान करायें।)

महाभिषेक स्नानम्

दूध में तुलसीपत्र डालकर शालग्रामजी का महाभिषेक करें।

हरिः ॐ सहस्रशीर्षापुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। सभूमिꣳ सर्व्वतस्पृत्त्वा त्त्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्॥१॥ पुरुषऽ एवेदꣳ सर्व्वंय्यद्भूतँय्यच्च भाव्यम्। उतामृतत्त्वस्ये शानोयदन्ने नातिरोहति ॥२॥ एतावानस्य महिमातो ज्यायाँश्च पूरुषः॥ पादोस्यव्विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि ॥३॥ त्रिपादूद्ध्वंऽउदैत्त्पुरुषः पादोस्येहाभवत्त्पुनः॥ ततोव्विख्वङ् व्यक्क्रामत्सा शनानशनेऽअभि ॥४॥ ततोव्विराडजायत व्विराजोऽअधिपूरुषः॥ सजातोऽअत्त्यरिच्च्य तपश्चाद्भूमि मथोपुरः॥५॥ तस्माद्यज्ञात्त्सर्व्वहुतः सम्भृतम्पृषदाज्न्यम्॥ पशूँताँश्चक्क्रेव्वायव्व्या नारण्याग्राम्याश्चजे ॥६॥

तस्माद्यज्ञात्सर्व्वहुतऽऋचः सामानि जज्ञिरे॥ छन्दाꣳसिजज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्म्मादजायत ॥७॥ तस्मादश्वाऽअजायन्त येकेचो भयादतः॥ गावोहजज्ञिरे तस्मात्तस्म्माज्जाताऽअजावयः॥८॥ तंय्यज्ञम्बर्हिषि प्प्रौक्षन्प्पुरुषञ्जात मग्रतः॥ तेनदेवाऽअयजन्त साध्याऽऋषयश्चये ॥९॥ यत्पुरुषम्व्व्यदधुः कतिधाव्व्य कल्प्पयन् ॥ मुखङ्किमस्या सीत्किम्बाहू किमूरूपादाऽउच्च्येते ॥१०॥ ब्राह्मणोऽस्यमुखमासीद्बाहूराजन्यः कृतः॥ ऊरूतदस्ययद्वैश्यः पद्भ्याꣳशूद्रोऽअजायत॥११॥ चन्द्रमामनसोजातश्चक्षोः सूर्य्योऽअजायत ॥ श्रोत्राद्वायुश्च प्प्राणश्चमुखादग्निरजायत ॥१२॥ नाब्भ्याऽआसी दन्तरिक्षꣳ शीर्ष्णोद्यौः समवर्त्तत। पद्भ्याम्भूमिर्द्दिशः श्रोत्रात्तथालोकाँ२॥ अकल्प्पयन् ॥१३॥ यत्पुरुषेणहविषादेवायज्ञ मतन्वत॥ व्वसन्तोऽस्यासीदाज्य्यङ्ग्रीष्मऽइध्मः शरद्धविः॥१४॥ सप्तास्या सन्प्परिध यस्त्रिः सप्त समिधःकृताः। देवा यद्द्यज्ञन्तन्वानाऽअबध्नन् पुरुषम्प्पशुम् ॥१५॥ यज्ञेनयज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्म्माणिप्प्रथमान्यासन् ॥ तेहनाकम्महिमानः सचन्त यत्र पूर्व्वेसाद्ध्याः सन्तिदेवाः॥१६॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः महाभिषेक स्नानं समर्पयामि। महानारायणार्पणमस्तु॥

शुद्धोदकस्नानम्-ॐशुद्धवालः सर्व्वशुद्धवालो मणिवालस्तऽआश्विनाः। श्श्येतः श्येताक्षो रुणस्ते रुद्द्राय पशुपतये कर्ण्णायामाऽअवलिप्ता रौद्द्रानभोरूपाः पार्ज्जन्याः॥

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरि स्नानं च प्रतिगृह्यताम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि। (शुद्ध जल से स्नान कराये)

अधो-वस्त्रम्-ॐयुवासुवासाः परिवीतऽआगात्। सऽउश्रेसान् भवति जायमानः। तन्धीरासः कवयऽउन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः॥

सर्वभूषाधिके सौम्ये लोकलज्जा निवारणे। मयोपपादिते तुभ्यं वाससी प्रति गृह्यताम् ॥ ब्रह्माण्डमेतत् दययाप्यखण्डं सम्पन्नमेभिर्वसनैस्तनोषिः। तस्मै प्रदेयः किमुवस्त्र खण्डः तथापि भावोऽस्तु परीक्षणाय॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः अधोवस्त्रं समर्पयामि। (अधोवस्त्र चढ़ायें और थोड़ा सा जल छोड़ें)

यज्ञोपवीतम्-ॐतस्मादश्वाऽअजायन्तये केचोभयादतः। गावोहजज्ञिरे तस्मात्तस्म्माज्जाताऽअजावयः॥
आलिङ्य ते यस्य शताग्रभागं पूता विमुक्ता वपुषोऽधमास्ते। यज्ञोपवीतं किमुतस्य पूत्यै दीयेत भक्तेस्तु समर्थनाय॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः ब्रह्मसूत्रं समर्पयामि। (जनेऊ चढ़ायें और थोड़ा सा जल छोड़ें)

उपवस्त्रम्-ॐसुजातो ज्ज्योतिषासहशर्म्मव्वरूथ मासदत्स्वः। व्वासोऽअग्ने व्विश्वरूपꣳ संव्ययस्व व्विभावसो॥
श्रद्धातुरीर्यत्र मनस्तु सूत्रं भक्तिश्च वेमामति तानयुग्मम्। हृल्कौलिको मे विमलोत्तरीयं तनोमि तत्ते तनु कल्पवल्याम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः उपवस्त्रं समर्पयामि, वस्त्रोपवस्त्रान्ते आचमनीयं समर्पयामि, हस्तप्रक्षालनम्। उपवस्त्र चढ़ायें और थोड़ा सा जल छोड़ें।

गन्धम् (चन्दनम्)-ॐतंय्यज्ञम्बर्हिषि प्प्रौक्षन्न्पुरुषञ्जात मग्रतः। तेनदेवाऽ अयजन्त साध्याऽ ऋषयश्चये॥
आनन्दगन्धं विकिरन्ति यत्र वृन्दारकाः पृच्छति तत्र को माम्। मयापि हेनाथ हृदोपनीतं द्रव्यं सुगन्धं विमलं गृहाण॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः चन्दनम् समर्पयामि। (चन्दन लगायें)

अक्षतान् (चावल)-ॐअक्षन्नमीमदन्त ह्यवप्रियाऽअधूषत्। अस्तोषत स्वभावनो व्विप्रानविष्ठयामती योजान्विन्द्रते हरी॥
पुष्पाक्षतानक्षतपुण्यराशिः आदाय तुभ्यं समुपस्थितोऽस्मि। एतर्हि लज्जा नतमस्तकोऽस्मि द्रुतं गृहीत्वा कुरु मां कृतार्थतम्॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः अक्षतान् समर्पयामि। (अक्षत (चावल) चढ़ायें)

पुष्पाणि पुष्पमाल्यां च-ॐओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः। अश्श्वाऽइव सजित्त्वरीर्व्वी रुधः पारयिष्णवः॥
आसेचनं पेलवपादयुग्मं कृते कठोरः क्व सुमनोपहारः। धाष्ट्र्चोद्भवं मे त्वपराधमेनं क्षमस्व दीनस्य नु दीनबन्धो॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः पुष्पाणि पुष्पमाल्यां च समर्पयामि। (पुष्प एवं पुष्प माला चढ़ायें)

दूर्वाङ्कुरान्- ॐ काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि। एवा नो दूर्व्वे प्प्रतनु सहस्रेण शतेन च॥
तुलसी पत्रम्-यत्पुरुषम्व्व्यदधुः कतिधाव्व्य कल्प्पयन्। मुखङ्किमस्या सीत्किम्बाहू किमूरूपादाऽउच्च्येते॥

सुगन्धवल्ली शतपत्रजाती सुवर्ण-चम्पा-वकुलोद्भवानि। गृहाणदेवेश मयार्पितानि प्रभोहरे श्रीतुलसी दलानि॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः तुलसीदलं समर्पयामि। (तुलसी दल चढ़ायें)

अभूषणम्-ॐयुवन्तमिन्द्रा पर्व्वता पुरोयुधायोनःपृतन्न्या दपतन्त मिद्धतं व्वज्ज्रेण तन्तमिद्धतम्। दूरेचत्ताय यच्छन्त्सद्गहनँय्यदि नक्षत्॥ अस्म्माकꣳ शत्रून्परि शूरव्विश्श्वतो दर्म्मा दर्षीष्टृव्विश्श्वतः॥ भूर्भुवः स्वः सुप्रजाः प्रजाभिः स्यामसुवीराव्वीरैः सुपोषाः पोषैः॥

वज्र माणिक्य वैदूर्य मुक्ता विद्रुम मण्डितम्। पुष्पराग समायुक्तं भूषणं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः अलङ्करणार्थे आभूषणानि समर्पयामि। (आभूषण चढ़ायें)

नानापरिमलद्रव्याणि-ॐअहिरिवभोगैः पर्य्येति बाहुञ्ज्याया हेतिम्परि बाधमानः। हस्तघ्नो व्विश्श्वा व्वयुनानि व्विद्वान्पुमान्पुमाꣳ सम्परिपातु व्विश्श्वतः॥

श्वेतचूर्ण रक्तचूर्ण हरिद्राकुंकुमान्वितैः। नानापरिमल द्रव्यैः प्रीयतां परमेश्वर॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि। (अबीर, गुलाल हल्दी आदि चढ़ायें)

सुगन्धित द्रव्याणिः-ॐत्र्यम्बकंय्यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्द्धनम्॥ उर्व्वारुकमिव बन्धनान्म्मृत्योर्म्मुक्षीयमामृतात्॥ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पति वेदनम्॥ उर्व्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मा मुतः॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः सुगन्धित द्रव्यं समर्पयामि। (इत्र आदि सुगन्धित द्रव्य चढ़ायें)

धूपम्-ॐब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः। ऊरूतदस्ययद्वैश्यः पद्भ्याꣳ शूद्रोऽअजायत॥

वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः। आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः धूपं आघ्रापयामि। (धूप दिखायें)

दीपम्-ॐचन्द्रमामनसोजातश्चक्षोः सूर्य्योऽअजायत। श्रोत्राद्वायुश्च प्प्राणश्चमुखादग्निरजायत॥
अज्ञान गाढाञ्जन सङ्कुलायां विद्याप्रदीपं तनुषे जगत्याम्। तस्मै प्रदेयः किमसौ तथापि भक्त्यार्पितं दीपमिमं गृहाण॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः दीपं दर्शयामि। धूप दीपान्ते आचमनीयं जलं सर्पयामि। हस्त प्रक्षालनम्।

दीपक दिखायें और एक आचमनी जल छोड़कर हाथ धो लें।

नैवेद्यम्-ॐनाब्भ्याऽआसी दन्तरिक्षꣳ शीर्ष्णोद्यौः समवर्त्तत। पद्भ्याम्भूमिर्द्दिशः श्रोत्रात्तथालोकाँ२॥ अकल्प्पयन्॥
आहत्य चाहत्य मनोभिरागैः इतस्तनोऽशान्तमना सुरेश। नैवेद्यमेतत् भवते निवेद्य जातोऽस्मि सद्यो विशदान्तरात्मा॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः नैवेद्यं निवेदयामि। धेनुमुद्रयाऽमृतीकृत्य ग्रासमुद्राः प्रदर्शयेत्।

श्रीसत्यनारायणजी के सामने भोग में तुलसीदल रख कर निवेदन करें एवं जल छोड़ें। धेनु मुद्रा से अमृती करण योनिमुद्रा दिखायें और घण्टी बजायें। पश्चात् पञ्चग्रास मुद्रा दिखाकर प्रत्येक मुद्रा में जल छोड़ते जायँ।

ॐप्राणाय स्वाहा। ॐअपानाय स्वाहा। ॐव्यानाय स्वाहा। ॐउदानाय स्वाहा। ॐसमानाय स्वाहा। मध्ये-मध्ये पानीयं उत्तरा पोशनार्थे जलं समर्पयामि। हस्तौ प्रक्षाल्य। (सम्मुख में पाँच बार जल छोड़ें और हाथ धो लें)

ऋतुफलम्-ॐयाः फलिनीर्य्याऽअफलाऽअपुष्पा याश्चपुष्पिणीः। बृहस्पति प्रसूतास्ता नो मुञ्चत्वꣳ हसः॥
इदं फलं मयादेव स्थापितं पुरतस्तव। तेन मे सफलावाप्तिः भवेज्जन्मनि जन्मनि॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः ऋतुफलम् समर्पयामि। (ऋतुफल (केला आदि) चढ़ायें)

मुखवासार्थे ताम्बूलम्-ॐयत्पुरुषेणहविषादेवायज्ञ मतन्वत। व्वसन्तोऽस्यासीदाज्ज्यङ्ग्रीष्मऽइध्मः शरद्धविः॥
एतावता कृत् करुणाप्रसारे तस्यैव तावत्क्रमशोऽवतारे। ताम्बूलवल्ली फलितं तदेतत् ताम्बूलपत्रं दयया गृहाण॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः मुखवासार्थे सफल ताम्बूलम् समर्पयामि। (पान, सुपाड़ी, लौंग और इलायची चढ़ायें)

नारिकेल फलम्-ॐश्रीश्च्चतेलक्ष्मीश्च्च पत्न्या वहोरात्रे पार्श्वेनक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्व्यात्तम्। इष्णन्निषाणा मुम्मऽ इषाण सर्व्व लोकम्मऽ इषाण॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः नारिकेलफलम् समर्पयामि। (नारियल चढ़ायें)

दक्षिणा द्रव्यम् :-**ॐहिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽआसीत्। सदाधारपृथिवीन्द्यामुतेमाङ्कस्म्मै देवाय हविषाव्विधेम॥**

आतन्वसे त्वं करुणां जगत्यां इमां ददत्ते वत लज्जितोऽस्मि। मय्येव तावत्करुणां वितन्यतां दक्षिणा मेकलयाशु नाथ॥

दक्षिणा स्वर्णसहिता यथाशक्ति समर्पिता। अनन्त फलदामेन गृहाण परमेश्वर॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि। (दक्षिणा (रुपये) चढ़ायें)

-:प्रार्थनाः-

हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहीत्वा प्रार्थनां कुर्यात्

फुल्लेन्दीवर कान्तिमिन्दुवदनं वर्हावतंसप्रियं श्रीवत्साङ्कमुदार कौस्तुभधरं पीताम्बरं सुन्दरम्।
गोपीनां नयनोत्पलार्चिततनुं गोगोपसङ्घावृतं गोविन्दं कल वेणुनादन परं दिव्याङ्ग भूषं भजे॥
स शङ्ख चक्रं सकरीटकुण्डलंस पीतवस्त्रं सरसीरुहेक्षणम्।
सहार वक्षःस्थल कौस्तुभश्रियं नमामि विष्णुं शिरसाश्चतुर्मुखम्॥

ॐभूर्भुवःस्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि प्रणमामि मुहुर्मुहुः।

सरस्वती पूजनम्

गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य तथा दक्षिणा आदि उपचारों से भगवती सरस्वती की निम्नमन्त्र से पूजा करें।

ॐनमो देव्यै महा देव्यै शिवायै सततं नमः। नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताःस्म ताम्॥

श्रीसरस्वत्यै नमः सकलपूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

एवं तदुपरान्त निम्नमन्त्र से ब्राह्मण देवता को चन्दन कलावा एवं दक्षिणा समर्पित कर पूजन करें।

नमो ब्रह्मण्यदेवाय गोब्राह्मण हिताय च। जगद्धिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः॥

तदनन्तर बड़ी श्रद्धा के साथ भगवान् श्रीसत्यनारायण की कथा का श्रवण एवं मनन करें।

*****

।। श्रीगणेशाय नमः ।।
।। श्रीपरमात्मने नमः ।।

श्रीसत्यनारायण व्रतकथा

अथ प्रथमोऽध्याय

श्रीसत्यनारायणव्रत की महिमा तथा व्रत की विधि

श्रीव्यास उवाच

एकदा नैमिषारण्ये ऋषयः शौनकादयः। पप्रच्छुर्मुनयः सर्वे सूतं पौराणिकं खलु।।१।।

श्रीव्यासजी ने कहा—एक समय नैमिषारण्य तीर्थ में शौनक आदि अठ्ठासी हजार सभी ऋषियों तथा मुनियों ने पुराण एवं शास्त्र के ज्ञाता श्रीसूतजी महाराज से पूछा—।।१।।

ऋषय ऊचुः

व्रतेन तपसा किं वा प्राप्यते वाञ्छितं फलम्। तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः कथयस्व महामुने।।२।।

ऋषियों ने कहा—हे महामुने! आप तो इतिहास एवं पुराणों के ज्ञाता है। अतः आपसे एक निवेदन है, कि इस कलियुग में वेद विद्या से रहित मनुष्यों को प्रभु भक्ति किस प्रकार से प्राप्त हो, तथा उनका उद्धार कैसे होगा? इसलिये हे मुनिश्रेष्ठ! कोई ऐसा तप कहें, कोई ऐसा व्रत कहें, कोई ऐसा अनुष्ठान कहें, जिससे थोड़े ही समय में पुण्य मिल सके और मनोवाञ्छित फल की भी प्राप्ति हो सके। हमारी सुनने की प्रबल इच्छा है।।२।।

सूत उवाच

नारदेनैव सम्पृष्टो भगवान् कमलापतिः । सुरर्षये यथैवाह तच्छृणुध्वं समाहिताः ॥३॥
एकदा नारदो योगी परानुग्रहकाङ्क्षया। पर्यटन् विविधान् लोकान् मर्त्यलोकमुपागतः॥४॥
ततोदृष्ट्वा जनान्सर्वान् नानाक्लेशसमन्वितान्। नानायोनिसमुत्पन्नान् क्लिश्यमानान् स्वकर्मभिः॥५॥
केनोपायेन चैतेषां दुःखनाशो भवेद् ध्रुवम् । इति संचिन्त्य मनसा विष्णुलोकं गतस्तदा॥६॥

सर्वशास्त्र ज्ञाता श्रीसूतजी ने कहा—हे ऋषियों आप सबने सभी प्राणियों के हित के लिये यह बात पूछी है, क्योंकि परोपकार ही तो संतों का लक्षण है। इसलिये उस श्रेष्ठ व्रत को आप लोगों से कहूँगा जिस व्रत को नारद जी ने भगवान कमलापति से पूछा था। एक समय योगिराज नारद जी (परानुग्रह कांक्षया) दूसरों के हित की इच्छा से अनेक लोकों में घूमते हुए मृत्यु लोक में आ पहुँचे। वहाँ अनेक योनियों में जन्में प्राणी अपने कर्मों के द्वारा अनेकों दुःखों से पीड़ित हैं, ऐसा देखकर नारद जी ने मन में विचार किया कि किस यत्न से इन प्राणियों के दुःख का नाश हो। ऐसा मन में विचार कर विष्णु लोक को गये—।।३—६।।

तत्र नारायणं देवं शुक्लवर्णं चतुर्भुजम् । शंख-चक्र-गदा-पद्म-वनमाला-विभूषितम्।।७।।
दृष्ट्वा तं देवदेवेशं स्तोतुं समुपचक्रमे।

वहाँ श्वेत वर्ण और चार भुजाओं वाले सबके आधार भगवान नारायण को देखा। जिनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और पद्म तथा गले में वनमाला सुशोभित है। नारद जी ने श्रीविग्रह के दर्शन कर सुन्दर स्तुति करने लगे।।७१/२।।

नारद उवाच

नमो वाङ्मनसातीतरूपायानन्तशक्तये॥८॥

आदिमध्यान्तहीनाय निर्गुणाय गुणात्मने। सर्वेषामादिभूताय भक्तानामार्तिनाशिने॥९॥

श्रुत्वा स्तोत्रं ततो विष्णुर्नारदं प्रत्यभाषत।

नारदजी बोले–हे भगवन्! आप अत्यन्त शक्ति से सम्पन्न हैं। मन तथा वाणी भी आपको नहीं पा सकती, आपका आदि, मध्य, अन्त भी नहीं है। निर्गुण स्वरूप सृष्टि के आदिभूत एवं भक्तों के दु:खों को नष्ट करने वाले आप हैं, भगवन् मेरा नमन् स्वीकार करें। नारदजी की स्तुति सुनकर भगवान् नारायण ने नारद जी से पूछा॥८-९१/२॥

श्रीभगवानुवाच

किमर्थमागतोऽसि त्वं किं ते मनसि वर्तते । कथयस्व महाभाग तत्सर्वं कथयामि ते॥१०॥

श्रीभगवान् ने कहा–हे मुनिश्रेष्ठ! आपके मन में क्या है। आपका यहाँ किस काम के लिये आगमन हुआ है। नि:संकोच कहो, मैं सब कुछ बताऊँगा॥१०॥

नारद उवाच

मर्त्यलोके जना: सर्वे नानाक्लेशसमन्विता: । नानायोनिसमुत्पन्ना:पच्यन्ते पापकर्मभि:॥११॥

तत्कथं शमयेन्नाथ लघूपायेन तद्वद । श्रोतुमिच्छामि तत्सर्वं कृपास्ति यदि ते मयि॥१२॥

नारद जी ने कहा–हे प्रभु! मृत्युलोक में प्राय: अपने-अपने पाप कर्मों के द्वारा विभिन्न योनियों मे उत्पन्न

सभी लोग अनेक प्रकार के दु:खों से दु:खी हो रहे हैं। हे नाथ! मुझ पर दया रखते हैं तो बतलाये कि उन मनुष्यों के सब दु:ख थोड़े से ही प्रयत्न से कैसे दूर हों।।११-१२।।

श्रीभगवानुवाच

साधु पृष्टं त्वया वत्स लोकानुग्रहकांक्षया। यत्कृत्वा मुच्यते मोहात् तच्छृणुष्व वदामि ते॥१३॥
व्रतमस्ति महत्पुण्यं स्वर्गे मर्त्ये च दुर्लभम् । तव स्नेहान्मया वत्स प्रकाश:क्रियतेऽधुना॥१४॥
सत्यनारायणस्यैव व्रतं सम्यग्विधानत: । कृत्वा सद्य: सुखं भुक्त्वा परत्र मोक्षमाप्नुयात्॥१५॥
तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं नारदो मुनिरब्रवीत्॥

भगवान् श्रीहरि ने कहा—हे नारद! मनुष्यों की भलाई के लिये आपने बहुत अच्छी बात पूछी है। जिस व्रत के करने से प्राणि मोह से मुक्त हो जाता है, सो मैं उस महान् शक्तिशाली व्रत को कहता हूँ, श्रीसत्यनारायण भगवान् का व्रत महान् पुण्य देने वाला तथा स्वर्ग एवं मृत्युलोक में अत्यन्त दुर्लभ है। श्रीसत्यनारायणजी का व्रत पूर्ण विधि विधान से करने पर मनुष्य मृत्युलोक में सुख भोग कर अन्त में शरीर छोड़कर मोक्ष को प्राप्त होता है। भगवान् के श्रीमुख से वचन सुनकर, नारद जी ने पूछा—।।१३—१५१/२।।

नारद उवाच

किं फलं किं विधानं च कृतं केनैव तद् व्रतम्॥१६॥
तत्सर्वं विस्तराद् ब्रूहि कदा कार्यं व्रतं प्रभो॥

नारदजी ने कहा—हे प्रभो! सत्यव्रत का फल क्या है? क्या विधान है? किसने सत्यव्रत को किया है?

तथा किस दिन सत्यव्रत को करना चाहिये। सब विस्तार से हमारी सुनने की अभिलाषा है।।१६१/२।।

श्रीभगवानुवाच

दु:खशोकादिशमनं धनधान्यप्रवर्धनम्।।१७।।

सौभाग्यसंततिकरं सर्वत्र विजयप्रदम्। यस्मिन् कस्मिन् दिने मर्त्यो भक्तिश्रद्धासमन्ति:।।१८।।

सत्यनारायणं देवं यजेच्चैव निशामुखे। ब्राह्मणैर्बान्धवैश्चैव सहितो धर्मतत्पर:।।१९।।

नैवेद्यं भक्तितो दद्यात् सपादं भक्ष्यमुत्तमम्। रम्भाफलं घृतं क्षीरं गोधूमस्य च चूर्णकम्।।२०।।

अभावे शालिचूर्णं वा शर्करा वा गुडस्तथा। सपादं सर्वभक्ष्याणि चैकीकृत्य निवेदयेत्।।२१।।

श्रीभगवान् ने कहा–नारद! दु:ख शोक आदि को दूर करने वाला धन, धान्य को बढ़ाने वाला, सौभाग्य तथा सन्तान को देने वाला, सभी स्थानों पर विजयश्री दिलाने वाला–भक्ति और श्रद्धा के साथ किसी भी दिन मनुष्य श्रीसत्यनारायण की कथा शाम के समय ब्राह्मणों एवं बन्धुओं के साथ धर्मपारायण होकर पूजा करें। भक्ति भाव से सवाया मात्रा में नैवेद्य, केले का फल, घी, दूध, और गेहूँ का चूर्ण लेवे। गेहूँ के अभाव में साठी का चूर्ण, शक्कर तथा गुड़ लें और सब भक्षण योग्य पदार्थ एकत्रित करके भगवान् सत्यनारायण को अर्पण करना चाहिये।।।१७-२१।।

विप्राय दक्षिणां दद्यात् कथां श्रुत्वा जनै: सह। ततश्च बन्धुभि: सार्धं विप्रांश्च प्रतिभोजयेत्।।२२।।

प्रसादं भक्षयेद् भक्त्या नृत्यगीतादिकं चरेत्। ततश्च स्वगृहं गच्छेत् सत्यनारायणं स्मरन्।।२३।।

एवं कृते मनुष्याणां वाञ्छासिद्धिर्भवेद् ध्रुवम्। विशेषत: कलियेगे लघूपायोऽस्ति भूतले।।२४।।

बन्धु बान्धवों के साथ श्रीसत्यनारायण कथा सुनकर ब्राह्मणों को भोजन करायें एवं दक्षिणा देकर सन्तुष्ट करें। तदुपरान्त बन्धु-बान्धवों सहित स्वयं भी भोजन करें। नृत्य-गीत आदि का आचरण कर श्रीसत्यनारायण भगवान् का स्मरण कर रात्रि व्यतीत करें। इस तरह से व्रत करने पर मनुष्यों की इच्छायें निश्चय ही पूर्ण होती हैं। विशेष कलिकाल में मृत्यु-लोक में यही इच्छा पूर्ति एवं मोक्ष का सरल सा उपाय है।।२२-२४।।

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे श्रीसत्यनारायण व्रतकथायां प्रथमोऽध्यायः ॥

॥ इस प्रकार श्रीस्कन्दपुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रतकथा का यह पहला अध्याय पूरा हुआ ॥१॥

अथ द्वितीयोऽध्यायः

निर्धन ब्राह्मण तथा लकड़हारे की कथा

सूत उवाच

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि कृतं येन पुरा द्विजाः। कश्चित् काशीपुरे रम्ये ह्यासीद्विप्रोऽतिनिर्धनः॥१॥
क्षुतृड्भ्यां व्याकुलोभूत्वा नित्यं बभ्राम भूतले। दुःखितं ब्राह्मणं दृष्ट्वा भगवान् ब्राह्मणप्रियः॥२॥
वृद्धब्राह्मण रूपस्तं पप्रच्छ द्विजमादरात्। किमर्थं भ्रमसे विप्र महीं नित्यं सुदुःखितः॥३॥
तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि कथ्यतां द्विज सत्तम।

सूतजी बोले–हे द्विजो! जिसने पहले समय में इस व्रत को किया है, उसका इतिहास कहता हूँ, उसे ध्यान से सुनो। एक सुन्दर काशीपुरी नाम की नगरी में एक अति निर्धन ब्राह्मण रहता था, वह ब्राह्मण भूख और प्यास से व्याकुल हुआ नित्य ही पृथ्वी पर घूमता था। ब्राह्मणों से प्रेम करने वाले (ब्राह्मण प्रियः) भगवान् श्रीविष्णुजी ने ब्राह्मण को दुखी देखकर बूढ़े ब्राह्मण का रूप धारण कर उसके पास जाकर आदरपूर्वक पूछा–हे विप्र! नित्य दुःखी होकर पृथ्वी पर क्यों घूमते हो? हे श्रेष्ठ ब्राह्मण! वह सब मुझसे कहो मैं सुनना चाहता हूँ।। १–३१/२।।

ब्राह्मण उवाच

ब्राह्मणोऽति दरिद्रोऽहं भिक्षार्थं वै भ्रमे महीम्॥४॥
उपायं यदि जानासि कृपया कथय प्रभो।

ब्राह्मण बोला–हे प्रभो! मैं बहुत निर्धन ब्राह्मण हूँ, भिक्षा के लिये ही पृथ्वी पर घूमता हूँ (भिक्षार्थ वै

भ्रमे महीम्)। हे भगवन्! आप इस निर्धनता (दरिद्रता) से छुटकारा दिलाने वाला कोई उपाय जानते हों तो कृपा पूर्वक बतलाइये।।४१/२।।

वृद्धब्राह्मण उवाच

सत्यनारायणो विष्णुर्वाञ्छितार्थफलप्रदः।।५।।

तस्य त्वं पूजनं विप्र कुरुष्व व्रतमुत्तमम। यत्कृत्वा सर्वदुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः।।६।।

विधानं च व्रतस्यापि विप्रायाभाष्य यत्नतः। सत्यनारायणो वृद्धस्तत्रैवान्तरधीयत।।७।।

तद् व्रतं संकरिष्यामि यदुक्तं ब्राह्मणेन वै। इति संचिन्त्य विप्रोऽसौ रात्रौ निद्रा न लब्धवान्।।८।।

वृद्धब्राह्मण रूपधारी भगवान् श्रीविष्णुजी ने कहा—हे ब्राह्मणदेव! भगवान् सत्यनारायण मनोवाञ्छित फल देने वाले हैं। इसलिये हे विप्र! तुम सत्यनारायण का व्रत एवं पूजन करो, सत्यव्रत करने से मनुष्य सभी दुःखों से मुक्त होता है। ब्राह्मण को यत्न पूर्वक व्रत का सम्पूर्ण विधान बतलाकर बूढ़े ब्राह्मण का रूप धारण करने वाले सत्यनारायण भगवान् वहीं अन्तर्धान हो गये। जिस व्रत को वृद्ध ब्राह्मण ने बतलाया है, उस व्रत को मैं निश्चय ही करूँगा। यह निश्चय कर निर्धन ब्राह्मण को (रात्रौनिद्रा न लब्धवान्) रात्रि में नींद नहीं आयी।।५—८।।

ततः प्रातः समुत्थाय सत्यनारायणव्रतम् । करिष्य इति संकल्प्य भिक्षार्थमगमद्विजः।।९।।

तस्मिन्नेव दिने विप्रः प्रचुरं द्रव्यमाप्तवान् । तेनैव बन्धुभिः सार्धं सत्यस्यव्रतमाचरत्।।१०।।

सर्वदुःखविनिर्मुक्तः सर्वसम्पत्समन्वितः । बभूव स द्विजश्रेष्ठो व्रतस्यास्य प्रभावतः।।११।।

ततःप्रभृति कालं च मासि मासि व्रतं कृतम्।
एवं नारायणस्येदं व्रतं कृत्वा द्विजोत्तमः ।सर्वपापविनिर्मुक्तो दुर्लभं मोक्षमाप्तवान्॥१२॥

तदनन्तर वह ब्राह्मण प्रातःकाल उठा नित्यक्रिया से निवृत्त हो श्रीसत्यनारायणजी के व्रत का निश्चय कर भिक्षा के लिये चल पड़ा। भगवत्-कृपा से उस दिन उसको भिक्षा में बहुत सा धन मिला जिससे बन्धु बान्धवों के साथ उसने सत्यनारायण व्रत किया। इस प्रकार सत्यनारायण की महिमा से ब्राह्मण सब दुःखों से छूटकर अनेक प्रकार की सम्पत्तियों से युक्त हो गया। उस दिन से लेकर प्रत्येक महीने उसने व्रत किया। इस प्रकार भगवान् सत्यनारायण के इस व्रत को करके वह श्रेष्ठ ब्राह्मण सभी पापों से मुक्त हो दुर्लभ मोक्षपद को प्राप्त किया।।९-१२।।

व्रतमस्य यदा विप्र पृथिव्यां संकरिष्यति। तदैव सर्वदुःखं तु मनुजस्य विनश्यति॥१३॥
एवं नारायणेनोक्तं नारदाय महात्मने। मया तत्कथितं विप्राः किमन्यत् कथयामि वः॥१४॥

हे विप्र! पृथिवी पर जो मनुष्य 'श्री सत्यनारायण व्रत कथा' करता है, वह सब पापों से छूटकर दुर्लभ मोक्ष का अधिकारी बनता है। आगे जो पृथ्वी पर 'सत्यनारायण व्रत कथा' करेगा वह मनुष्य सब दुःखों से छूट जायेगा। हे ब्राह्मणो! इस तरह मैंने नारायणजी के श्रीमुख से कहा हुआ यह व्रत मैंने तुमसे कहा—हे ऋषियो! और क्या सुनना चाहते हो?।।१३—१४।।

ऋषय ऊचुः

तस्माद् विप्राच्छ्रुतं केन पृथिव्यां चरितं मुने । तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः श्रद्धाऽस्माकं प्रजायते॥१५॥

ऋषियों ने कहा–हे मुनीश्वर! पृथ्वी में उस ब्राह्मण से सुनकर किस-किस ने इस व्रत को किया? हम वह सब सुनना चाहते हैं। सत्यनारायणव्रत व्रत पर हमारी श्रद्धा हो रही है।।१५।।

सूत उवाच

शृणुध्वं मुनयः सर्वे व्रतं येन कृतं भुवि । एकदा स द्विजवरो यथाविभव विस्तरैः।।१६।।
बन्धुभिःस्वजनैःसार्धं व्रतं कर्तुं समुद्यतः। एतस्तिन्नन्तरे काले काष्ठक्रेता समागमत्।।१७।।
बहिःकाष्ठं च संस्थाप्य विप्रस्य गृहमाययौ। तृष्णया पीडितात्मा च दृष्ट्वा विप्रं कृतं व्रतम्।।१८।।
प्रणिपत्य द्विजं प्राह किमिदं क्रियते त्वया । कृते किं फलमाप्नोति विस्तराद् वद मे प्रभो।।१९।।

श्रीसूतजी बोले–हे मुनियों! पृथ्वी में जिस-जिसने इस व्रत को किया है वह सब सुनों–एक समय वह ब्राह्मण धन और ऐश्वर्य के अनुसार बन्धु-बान्धवों के साथ व्रत करने को तैयार हुआ। उसी समय एक लकड़हारा आया, और बाहर लकड़ियों का गठ्ठर रखकर ब्राह्मण के घर में गया। प्यास से दुःखी लकड़हारे ने ब्राह्मण को व्रत करते देख ब्राह्मण को नमस्कार कर कहने लगा–कि हे प्रभो! आप यह क्या कर रहे हैं, और इसके करने से क्या फल मिलता है? कृपा कर विस्तार पूर्वक मुझसे कहें।।१६–१९।।

विप्र उवाच

सत्यनारायणस्येदं व्रतं सर्वेप्सितप्रदम्। तस्य प्रसादान्मे सर्वं धनधान्यादिकं महत्।।२०।।
तस्मादेतद् व्रतं ज्ञात्वा काष्ठक्रेताऽतिहर्षितः। पपौ जलं प्रसादं च भुक्त्वा स नगरं ययौ।।२१।।
सत्यनारायणं देवं मनसा इत्यचिन्तयत्। काष्ठं विक्रयतो ग्रामे प्राप्यते चाद्य यद् धनम्।।२२।।
तेनैव सत्यदेवस्य करिष्ये व्रतमुत्तमम्। इति संचिन्त्य मनसा काष्ठं धृत्वा तु मस्तके।।२३।।

जगाम नगरे रम्ये धनिनां यत्र संस्थितिः। तद्दिने काष्ठमूल्यं च द्विगुणं प्राप्तवानसौ।।२४।।

ब्राह्मण ने कहा–सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला यह श्रीसत्यनारायण भगवान् का व्रत है। इसी व्रत के प्रभाव से मेरे यहाँ महान् धन-धान्य आदि की वृद्धि हुई है। ब्राह्मण से इस व्रत के बारे में जानकर लकड़हारा बहुत प्रसन्न हुआ चरणामृत और प्रसाद ग्रहण करके वह नगर चला गया। लकड़हारे ने मन में इस प्रकार का संकल्प किया कि आज ग्राम में लकड़ी बेचने से जो धन मुझे मिलेगा, उसी धन से सत्यनारायणदेव का उत्तम व्रत करूँगा। यह मन में विचार कर बूढ़ा लकड़हारा अपने सिर पर लकड़ियाँ रखकर जिस नगर में धनिक लोग रहते थे, ऐसे सुन्दर नगर में गया। इस दिन अन्य दिनों की अपेक्षा लकड़ियों का दाम दुगुनी मात्रा में मिला।।२०–२४।।

ततः प्रसन्नहृदयः सुपक्वं कदली फलम्। शर्कराघृतदुग्धं च गोधूमस्य च चूर्णकम्।।२५।।
कृत्वैकत्र सपादं च गृहीत्वा स्वगृहं ययौ। ततो बन्धून् समाहूय चकार विधिना व्रतम्।।२६।।
तद् वतस्य प्रभावेण धनपुत्रान्वितोऽभवत्। इहलोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ।।२७।।

तदनन्तर वह बूढ़ा लकड़हारा दाम ले अतिप्रसन्न होकर सत्यनारायण व्रतकथा की सामग्री सवाया मात्रा में लेकर अपने घर गया। तत्पश्चात् उसने अपने बन्धु-बान्धवों एवं ब्राह्मणों को बुलाकर विधि-विधान से भगवान् सत्यनारायण के व्रत को किया। उस व्रत के प्रभाव से बूढ़ा लकड़हारा धन, पुत्र आदि से युक्त हुआ और संसार के समस्त सुखों को भोगकर बैकुण्ठ को गया।।२५–२७।।

।। इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे श्रीसत्यनारायण व्रतकथायां द्वितीयोऽध्यायः ।।

।। इस प्रकार श्रीस्कन्द पुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रतकथा का यह दूसरा अध्याय पूरा हुआ ।।२।।

अथतृतीयोऽध्यायः

राजा उल्कामुख, साधु वणिक् एवं लीलावती-कलावती की कथा

सूत उवाच

पुनरग्रे प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनि सत्तमाः । पुरा चोल्कामुखो नाम नृपश्चासीन्महामतिः॥१॥
जितेन्द्रियः सत्यवादी ययौ देवालयं प्रति । दिने दिने धनं दत्त्वा द्विजान् संतोषयत् सुधीः॥२॥
भार्या तस्य प्रमुग्धा च सरोजवदना सती । भद्रशीलानदी तीरे सत्यस्यव्रतमाचरत्॥३॥
एतस्मिन्नन्तरे तत्र साधुरेकः समागतः । वाणिज्यार्थं बहुधनैरनेकैः परिपूरितः॥४॥
नावं संस्थाप्य तत्तीरे जगाम नृपतिं प्रति । दृष्ट्वा स व्रतिनं भूपं पप्रच्छ विनयान्वितः॥५॥

श्रीसूतजी बोले—हे श्रेष्ठ मुनियों! अब ध्यानपूर्वक आगे की कथा सुनो। प्राचीन समय में उल्कामुख नाम का एक सुबुद्धिमान राजा था। उल्कामुख सत्यवक्ता एवं जितेन्द्रिय था। वह विद्वान् राजा प्रतिदिन देवस्थानों में जाता तथा ब्राह्मणों को धन देकर उन्हें सन्तुष्ट करता था। उसकी धर्मपत्नी कमल के समान मुख वाली और सती-साध्वी एवं शील आदि विनय गुणों से सम्पन्न थी तथा पतिपरायणा थी। एक दिन भद्रशीला नदी के तट पर दोनों दम्पतियों ने भगवान् सत्यदेव का व्रत एवं पूजन कर रहा था। जिस समय राजा अपने परिवार के साथ व्रत एवं पूजन कर रहे थे, उसी समय वहाँ पर एक साधु वैश्य (वणिक्) आया। उसके पास व्यापार के लिये बहुत-सा धन था। भद्रशीला नदी के तटपर अपनी नौका को किनारे

ठहराकर राजा के पास गया और राजा को व्रत करते देख विनयपूर्वक पूछने लगा।।१–५।।

साधुरुवाच

किमिदं कुरुषे राजन् भक्तियुक्तेन चेतसा। प्रकाशं कुरु तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि साम्प्रतम्।।६।।

साधु ने कहा–हे राजन्! भक्ति युक्तचित्त से यह आप क्या कर रहे हैं? मेरी सुनने की इच्छा है। यह आप मुझे बताने की कृपा करें।।६।।

राजोवाच

पूजनं क्रियते साधो विष्णोरतुलतेजसः। व्रतं च स्वजनैः सार्धं पुत्राद्यावाप्ति काम्यया।।७।।

राजा बोला–हे साधू! अपने बान्धवों के साथ पुत्र प्राप्ति के लिये यह महाशक्तिशाली सत्यनारायण भगवान् का पूजन एवं व्रत कर रहा हूँ।।७।।

भूपस्य वचनं श्रुत्वा साधुः प्रोवाच सादरम्। सर्वं कथय मे राजन् करिष्येऽहं तवोदितम्।।८।।
ममापि संततिर्नास्ति ह्येतस्माज्जायते ध्रुवम्। ततो निवृत्त्य वाणिज्यात् सानन्दो गृहमागतः।।९।।
भार्यायै कथितं सर्वं व्रतं संतति दायकम्। तदा व्रतं करिष्यामि यदा मे संततिर्भवेत्।।१०।।
इति लीलावतीं प्राह पत्नीं साधुः स सत्तमः।।

राजा के वचन को सुनकर वह साधू वैश्य आदर के साथ बोला। हे राजन्! मुझसे इस व्रत का सब विधान कहें। मेरे भी कोई सन्तान नहीं है, अतः आपके कथनानुसार इस व्रत को मैं भी करूँगा क्योंकि मेरे भी कोई संतति नहीं है। राजा से व्रत का विधान सुन साधु व्यापार से निवृत्त हो आनन्द के साथ घर

गया। साधु ने अपनी स्त्री से सन्तति देने वाले उस व्रत का समाचार सुनाया और कहा जब मेरे सन्तान होगी तब मैं इस व्रत को करूँगा। साधु ने ऐसे वचन अपनी पत्नी लीलावती से कहे।।८–१०१/२।।

एकस्मिन् दिवसे तस्य भार्या लीलावती सती।।११।।

भर्तृयुक्तानन्दचित्ताऽभवद् धर्मपरायणा। गर्भिणी साऽभवत् तस्य भार्या सत्यप्रसादतः।।१२।।

दशमे मासि वै तस्याः कन्यारत्नमजायत। दिने दिने सा ववृधे शुक्लपक्षे यथा शशी।।१३।।

नाम्ना कलावती चेति तन्नामकरणं कृतम्। ततो लीलावती प्राह स्वामिनं मधुरं वचः।।१४।।

न करोषि किमर्थं वै पुरा संकल्पितं व्रतम्।

एक दिन उसकी पत्नी लीलावती आनन्दित हो सांसारिक धर्म में प्रवृत्त हो सत्यदेव की कृपा से गर्भवती हुई। तथा समय बीतने पर दसवें महीने में उसके यहाँ एक सुन्दर कन्या ने जन्म लिया। वह कन्या दिनों–दिन इस प्रकार बढ़ने लगी जैसे शुक्ल पक्ष का चन्द्रमा बढ़ रहा हो। इसलिये उस कन्या का नाम कलावती रखा गया। तब लीलावती ने मीठे शब्दों में अपने पति से कहा कि आपने जो संकल्प किया था कि सन्तान होने पर भगवान् सत्यदेव का व्रत करूँगा सो भगवत् कृपा से हमारे यहाँ कन्या ने जन्म लिया है। आप संकल्पानुसार उस व्रत को क्यों नहीं कर रहे हैं?।।११–१४१/२।।

साधुरुवाच

विवाह समये त्वस्याः करिष्यामि व्रतं प्रिये।।१५।।

इति भार्यां समाश्वास्य जगाम नगरं प्रति। ततः कलावती कन्या ववृधे पितृवेश्मनि।।१६।।

दृष्ट्वा कन्यां ततः साधुर्नगरे सखिभिः सह। मन्त्रयित्वा द्रुतं दूतं प्रेषयामास धर्मवित्॥१७॥
विवाहार्थं च कन्याया वरं श्रेष्ठं विचारय। तेनाज्ञप्तश्च दूतोऽसौ काञ्चनं नगरं ययौ॥१८॥
तस्मादेकं वणिक्पुत्रं समादायागतो हि सः। दृष्ट्वा तु सुन्दरं बालं वणिक्पुत्रं गुणान्वितम्॥१९॥
ज्ञातिभिर्बन्धुभिः सार्धं परितुष्टेन चेतसा। दत्तवान् साधुपुत्राय कन्यां विधिविधानतः॥२०॥

साधु बोला—हे प्रिये! इसके विवाह के समय व्रत कर लूँगा जल्दी क्या है? अपनी पत्नी को भलीभाँति आश्वासन दे वह नगर को गया। इधर कन्या कलावती पितृ गृह में वृद्धि को प्राप्त हो गई। साधू ने जब नगर में सखियों के साथ क्रीडा करती हुई अपनी पुत्री को विवाह योग्य देखा, और तुरन्त ही दूत को बुलाकर कहा—कि पुत्री कलावती के लिये कोई सुयोग्य वणिक् पुत्र खोजकर लाओ। साधु की आज्ञा पाकर दूत काँचननगर पहुँचा और बड़ी खोज एवं देखभाल कर कन्या कलावती के लिये सुयोग्य वणिक पुत्र को ले आया। उस सुयोग्य वणिक् पुत्र को देखकर साधु वैश्य ने अपने भाई बन्धुओं एवं जाति के लोगों के साथ प्रसन्नचित्त होकर अपनी पुत्री कलावती का विवाह उस सुयोग्य वणिक्पुत्र के साथ कर दिया॥१५-२०॥

ततोऽभाग्यवशात् तेन विस्मृतं व्रतमुत्तमम्। विवाहसमये तस्यास्तेन रुष्टो भवत् प्रभुः॥२१॥
ततः कालेन नियतो निजकर्म विशारदः। वाणिज्यार्थं ततः शीघ्रं जामातृ सहितो वणिक्॥२२॥
रत्नसारपुरे रम्ये गत्वा सिन्धु समीपतः। वाणिज्यमकरोत् साधुर्जामात्रा श्रीमता सह॥२३॥
तौ गतौ नगरे रम्ये चन्द्रकेतोर्नृपस्य च। एतस्मिन्नेव काले तु सत्यनारायणः प्रभुः॥२४॥
भ्रष्टप्रतिज्ञमालोक्य शापं तस्मै प्रदत्तवान्। दारुणं कठिनं चास्य महद् दुःखं भविष्यति॥२५॥

लेकिन दुर्भाग्यवश विवाह के समय भी सत्यदेव का व्रत एवं पूजन भूल गया। पूर्व में व्रत का संकल्प करने के बाद भी संकल्प पूरा न करने के कारण भगवान् सत्यनारायण कुपित हो गए। अपने कार्य में कुशल साधु (बनिया) अपने दामाद सहित समुद्र के समीप व्यापार करने रत्नसारपुर पहुँचा। और वहाँ चन्द्रकेतु राजा के नगर में दोनों ससुर जमाई व्यापार करने लगे। भ्रष्टप्रतिज्ञ देखकर सत्यनारायण्ण भगवान् ने श्राप दे दिया कि इसे दारुण, कठिन और महान् दु:ख प्राप्त हो।।२१-२५।।

एकस्मिन्दिवसे राज्ञो धनमादाय तस्करः। तत्रैव चागत श्चौरो वणिजौ यत्र संस्थितौ।।२६।।
तत्पश्चाद् धावकान् दूतान् दृष्ट्वा भीतेन चेतसा। धनं संस्थाप्य तत्रैव स तु शीघ्रमलक्षितः।।२७।।
ततो दूताःसमायाता यत्रास्ते सज्जनो वणिक्। दृष्ट्वा नृपधनं तत्र बद्ध्वाऽऽनीतौ वणिक्सुतौ।।२८।।
हर्षेण धावमानाश्च प्रोचुर्नृपसमीपतः। तस्करौ द्वौ समानीतौ विलोक्याज्ञापय प्रभो।।२९।।
राज्ञाऽऽज्ञप्तास्ततः शीघ्रं दृढं बध्वा तु ता वुभौ। स्थापितौ द्वौ महादुर्गे कारागारेऽविचारतः।।३०।।
मायया सत्यदेवस्य न श्रुतं कैस्तयोर्वचः। अतस्तयोर्धनं राज्ञा गृहीतं चन्द्र केतुना।।३१।।

एक दिन भगवान् सत्यनारायण की माया से प्रेरित होकर दो चोर, राजा के धन को चुराकर भागे जा रहे थे। किन्तु पीछे से राजा के दूतों को आता देख वे दोनों चोर घबराकर भागते-भागते धन को वहीं चुपचाप छुपा दिया, जहाँ दोनों ससुर-जमाई ठहरे हुए थे। तब दूतों ने उस साधु वैश्य के पास राजा के धन को रखा देखकर दोनों को बाँधकर ले गये। और प्रसन्नता से दौड़ते हुए राजा के समीप जाकर बोले ये दो चोर हम पकड़कर ले आये हैं आप देखकर आज्ञा दें। राजा की आज्ञा से उनको कठिन कारावास में डाल दिया।

भगवान् सत्यदेव की माया से किसी ने उन दोनों की बात नहीं सुनी और राजा चन्द्रकेतु ने उन दोनों का धन भी ले लिया।।२६-३१।।

तच्छापाच्च तयोर्गेहे भार्या चैवाति दु:खिता। चौरेणापहृतं सर्वं गृहे यच्च स्थितं धनम्।।३२।।
आधिव्याधिसमायुक्ता क्षुत्पिपाशाति दु:खिता। अन्नचिन्तापरा भूत्वा बभ्राम च गृहे गृहे।।३३।।
कलावती तु कन्यापि बभ्राम प्रतिवासरम्।
एकस्मिन् दिवसे याता क्षुधार्ता द्विजमन्दिरम्। गत्वाऽपश्यद् व्रतं तत्र सत्यनारायणस्य च।।३४
उपविश्य कथां श्रुत्वा वरं प्रार्थितवत्यपि। प्रसाद भक्षणं कृत्वा ययौ रात्रौ गृहं प्रति।।३५।।

सत्यदेव के कुपित होने से इधर साधु वैश्य की पत्नी और पुत्री कलावती भी बहुत दु:खी हुई। और घर पर जो धन रखा था चोर चुरा कर ले गये। वह लीलावती शारीरिक तथा मानसिक पीडाओं से युक्त भूख और प्यास से दुखी हो अन्न की चिन्ता से दर-दर भटकने लगी। कलावती कन्या कलावती भी भोजन के लिये इधर-उधर प्रतिदिन घूमने लगी। एक दिन भूख प्यास से अति दुखित हो अन्न की चिन्ता में कलावती एक ब्राह्मण के घर गई। वहाँ उसने सत्यनारायण व्रत को होते हए देखा। वहाँ बैठकर उसने कथा सुनी और वरदान माँगा तदनन्तर प्रसाद ग्रहण करके वह कुछ रात होने पर घर गई।।३२-३५।।

माता कलावतीं कन्यां कथयामास प्रेमत:। पुत्रि रात्रौ स्थिता कुत्र किं ते मनसि वर्तते।।३६।।
कन्या कलावती प्राह मातरं प्रति सत्वरम्। द्विजालये व्रतं मातर्दृष्टं वाञ्छितसिद्धिदम्।।३७।।
तच्छ्रुत्वा कन्यका वाक्यं व्रतं कर्तुं समुद्यता। सा मुदा तु वणिग्भार्या सत्यनारायणस्य च।।३८।।

व्रतं चक्रे सैव साध्वी बन्धुभिः स्वजनैः सह। भर्तृजामातरौ क्षिप्रमागच्छेतां स्वमाश्रमम्॥३९॥
अपराधं च मे भर्तुर्जामातुः क्षन्तुमर्हसि। व्रतेनानेन तुष्टोऽसौ सत्यनारायणः पुनः॥४०॥
दर्शयामास स्वप्नं हि चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम्। वन्दिनौ मोचय प्रातर्वणिजौ नृपसत्तम॥४१॥
देयं धनं च तत्सर्वं गृहीतं यत् त्वयाऽधुना। नो चेत् त्वां नाशयिष्यामि सराज्यधनपुत्रकम्॥४२॥

माता लीलावती ने कलावती से कहा—हे पुत्री! दिन में कहाँ रही? तथा इतनी रात तक कहाँ रुक गई थी, एवं तेरे मन में क्या है। कलावती बोली हे माता! मैंने एक ब्राह्मण के घर मनोरथ प्रदान करने वाला सत्यनारायण का व्रत देखा है। पुत्री के वचन सुनकर लीलावती भगवान् के पूजन की तैयारी करने लगी लीलावती ने परिवार और बन्धुओं सहित भगवान् का पूजन एवं व्रत किया और यह वर माँगा कि मेरे पति और दामाद शीघ्र ही सकुशल लौट आएँ। और प्रार्थना की हम सबका अपराध क्षमा करें। भगवान् सत्यदेव इस व्रत से सन्तुष्ट हुए। और राजा चन्द्रकेतु को स्वप्न में दिखाई दिये और कहा—हे राजन्! दोनों बन्दी वैश्य प्रातःकाल ही छोड़ दो और उनका सब धन जो तुमने ग्रहण किया है वह लौटा दो, नहीं तो सब धन, राज्यपाट आदि सब नष्टकर दूँगा।३६-४२।।

एवमाभाष्य राजानं ध्यानगम्योऽभवत् प्रभुः। ततः प्रभातसमये राजा च स्वजनैः सह॥४३॥
उपविश्य सभामध्ये प्राह स्वप्नं जनं प्रति। बद्धौ महाजनौ शीघ्रं मोचय द्वौ वणिक्सुतौ॥४४॥
इति राज्ञो वचः श्रुत्वा मोचयित्वा महाजनौ। समानीय नृपस्याग्रे प्राहुस्ते विनयान्विताः॥४५॥
आनीतौ द्वौ वणिक्पुत्रौ मुक्तौ निगडबन्धनात्। ततो महाजनौ नत्वा चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम्॥४६॥

स्मरन्तौ पूर्व वृन्तान्तं नोचतुर्भयविह्वलौ। राजा वणिक्सुतौ वीक्ष्य वचः प्रोवाच सादरम्।।४७।।

राजा से स्वप्न में इतना कहकर भगवान् सत्यनारायण अन्तर्धान हो गये। इसके अनन्तर प्रातःकाल राजा चन्द्रकेतु ने सभा में अपने सभासदों को अपने स्वप्न के विषय में बताया और दोनों बन्दी वैश्यों को मुक्त कर सभा में लाने की आज्ञा दी। राजा की आज्ञा पाकर राजपुरुष दोनों महाजनों को बन्धन से मुक्त कर राजा के सामने लाकर विनय पूर्वक बोले–हे महाराज! बेड़ी–बन्धन से मुक्त करके दोनो वणिक्पुत्र लाये गये हैं। इसके पश्चात् आते ही दोनों महाजनों ने राजा चन्द्रकेतु को नमस्कार किया और पूर्व वृत्तान्त का स्मरण करते हुए भय से विह्वल हो गये और कुछ बोल न सके। राजा चन्द्रकेतु ने वणिक्पुत्रों को देखकर मीठे वचनों सेआदर पूर्वक कहा–।।४३–४७।।

दैवात् प्राप्तं महद्दुःखमिदानीं नास्ति वै भयम्। तदा निगडसंत्यागं क्षौरकर्माद्यकारयत्।।४८।।
वस्त्रालङ्कारकं दत्त्वा परितोष्य नृपश्च तौ। पुरस्कृत्य वणिक्पुत्रौ वचसाऽतोषयद् भृशम्।।४९।।
पुरानीतं तु यद् द्रव्यं द्विगुणीकृत्य दत्तवान्। प्रोवाच च ततो राजा गच्छ साधो निजाश्रमम्।।५०।।
राजानं प्रणिपत्याह गन्तव्यं त्वत्प्रसादतः। इत्युक्त्वा तौ महावैश्यौ जग्मतुः स्वगृहं प्रति।।५१।।

हे महानुभवों! आप लोगों को भावी वस ऐसा कठिन दुःख प्राप्त हुआ है। अब कोई भय नहीं है। ऐसा कहकर उन दोनों की बेणी खुलवाकर क्षौर कर्म कराया और नए–नए वस्त्राभूषण देकर तथा आदर के साथ सामने बुलाकर वाणी द्वारा अत्यधिक आनन्दित किया। उनका जितना धन लिया था उससे दूना

कर देकर दिया; राजा ने पुनः उनसे कहा– 'साधो! अब आप अपने घर को जायँ। राजा को प्रणाम करके 'आपकी कृपा से हम जा रहे हैं'–ऐसा कहकर और भगवान् का धन्यवाद कर दोनों महावैश्यों ने अपने घर के लिये प्रस्थान किया।।४८-५१।।

जापर कृपा राम की होई। तापर कृपा करहिं सब कोई॥

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे सत्यनारायण व्रतकथायां तृतीयोऽध्यायः ॥

॥ इस प्रकार श्रीस्कन्द पुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रतकथा का यह तीसरा अध्याय पूरा हुआ ॥३॥

अथ चतुर्थोऽध्यायः

असत्यभाषण तथा भगवान् के प्रसाद की अवहेलना का परिणाम

सूत उवाच

यात्रां तु कृतवान् साधुर्मङ्गलायनपूर्विकाम्। ब्राह्मणेभ्यो धनं दत्त्वा तदा तु नगरं ययौ॥१॥
कियद् दूरे गते साधौ सत्यनारायणःप्रभुः। जिज्ञासां कृतवान् साधो किमस्ति तव नौस्थितम्॥२॥
ततो महाजनौ मत्तौ हेलया च प्रहस्य वै। कथं पृच्छसि भो दण्डिन् मुद्रां नेतुं किमच्छसि॥३॥
लतापत्रादिकं चैव वर्तते तरणौ मम। निष्ठुरं च वचः श्रुत्वा सत्यं भवतु ते वचः॥४॥
एवमुक्त्वा गतः शीघ्रं दण्डी तस्य समीपतः। कियद् दूरे ततो गत्वा स्थितः सिन्धु समीपतः॥५॥

श्रीसूतजी बोले—वैश्य ने मंगलाचार और ब्राह्मणों को धन देकर आपने नगर की यात्रा आरंभ की, और उनके थोड़ी दूर पहुँचने पर भगवान् सत्यनारायण की साधू के सत्यता की परीक्षा लेने की जिज्ञासा हुई, दण्डी का वेश धारण कर सत्यनारायण भगवान ने उनसे पूछा–हे साधो! आपकी नाव में क्या भरा है? अभिमानी वणिक हँसता हुआ अवहेलना पूर्वक बोला—हे दण्डिन्! आप क्यों पूछते हैं? क्या कुछ द्रव्य लेने की इच्छा है? मेरी नाव में तो बेल तथा पत्ते आदि भरे हैं। वैश्य की ऐसी निष्ठुर वाणी सुनकर भगवान् ने कहा तुम्हारा वचन सत्य हो। ऐसा कहकर दण्डी सन्यासी का रूप धारण किये हुए सत्यनारायण भगवान् वहाँ से चले गये और कुछ दूर जाकर समुद्र के किनारे बैठ गये॥१–५॥

गते दण्डिनि साधुश्च कृतनित्यक्रियस्तदा। उत्थितां तरणीं दृष्ट्वा विस्मयं परमं ययौ॥६॥
दृष्ट्वा लतादिकं चैव मूर्च्छितो न्यपतद् भुवि। लब्धसंज्ञो वणिक्पुत्रस्ततश्चिन्तान्वितोऽभवत्॥७॥
तदा तु दुहितुः कान्तो वचनं चवेदमब्रवीत्। किमर्थं क्रियते शोकः शापो दत्तश्च दण्डिना॥८॥
शक्यते तेन सर्वं हि कर्तुं चात्र न संशयः। अतस्तच्छरणं यामो वाञ्छतार्थो भविष्यति॥९॥
जामातुर्वचनं श्रुत्वा तत्सकाशं गतस्तदा। दृष्ट्वा च दण्डिनं भक्त्या नत्वा प्रोवाच सादरम्॥१०॥
क्षमस्व चापराधं मे यदुक्तं तव सन्निधौ। एवं पुनः पुनर्नत्वा महाशोकाकुलोऽभवत्॥११॥

दण्डी के चले जाने पर वैश्य ने नित्यक्रिया करने के पश्चात् नाव को जल में ऊपर की ओर उठी हुई देखकर अत्यन्त आश्चर्य में पड़ गया, तथा नाव में बेल आदि देखकर मूर्छित हो जमीन पर गिर पड़ा। फिर मूर्छा खुलने पर बहुत शोक करने लगा तब उसके दामाद ने इस प्रकार कहा–आप शोक न करें यह दण्डी का श्राप है, अतः उनकी शरण में चलना चाहिए तभी हमारी मनोकामना पूरी होगी क्योंकि वे चाहें तो सब कुछ कर सकते हैं इसमें कोई संशय नहीं है। दामाद के वचन सुनकर वह साधु वणिक् दण्डी–स्वामीजी के पास पहुँचा। अत्यन्त भक्तिभाव से प्रणाम करके बोला–मैंने जो आपसे असत्य वचन कहे थे, उसके लिए क्षमा कीजिए ऐसा कहकर महान् शोकातुर हो रोने लगा॥६–११॥

प्रोवाच वचनं दण्डी विलपन्तं विलोक्य च। मा रोदीः शृणुमद्वाक्यं मम पूजाबहिर्मुखः॥१२॥
ममाज्ञया च दुर्बुद्धे लब्धं दुःखं मुहुर्मुहुः। तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं स्तुतिं कर्तुं समुद्यतः॥१३॥

तब दण्डी भगवान् बोले–हे मूर्ख! रो मत, मेरी बात सुनो। मेरी पूजा से उदासीन होने के कारण तथा

मेरी आज्ञा से बार-बार तुम्हें दु:ख प्राप्त हुआ है। भगवान् की ऐसी वाणी सुनकर साधू वणिक् उनकी स्तुति करने लगा-।।१२-१३।।

साधुरुवाच

त्वन्मायामोहिता:सर्वे ब्रह्माद्यास्त्रिदिवौकस:। न जानन्ति गुणान् रूपं तवाश्चर्यमिदं प्रभो।।१४।।
मूढोऽहं त्वां कथं जाने मोहितस्तवमायया। प्रसीद पूजयिष्यामि यथाविभवविस्तरै:।।१५।।
पुरा वित्तं च तत् सर्वं त्राहि मां शरणागतम्। श्रुत्वा भक्तियुतं वाक्यं परितुष्टो जनार्दन:।।१६।।

साधु ने कहा-हे भगवान्! यह आश्चर्य की बात है कि आपकी माया से मोहित होने के कारण ब्रह्मा आदि देवता भी आपके रूप और गुणों को ठीक रूप से नहीं जान पाते, फिर मैं अज्ञानी आपकी माया से मोहित होने के कारण कैसे जान सकता हूँ? आप प्रसन्न होइए मैं सामर्थ्य के अनुसार आपकी पूजा करूँगा। मैं आपकी शरण में आया हूँ मेरा जो नौका में स्थित पुराना धन था, उसकी तथा मेरी रक्षा करें, और पहले की तरह मेरा सामान नौका में भर जाय। उसके भक्तियुक्त वचन सुनकर भगवान् जनार्दन सन्तुष्ट हो गये।।१४-१६।।

वरं च वाञ्छितं दत्त्वा तत्रैवान्तर्दधे हरि:। ततो नवं समारुह्य दृष्ट्वा वित्तप्रपूरिताम् ।।१७।।
कृपया सत्यदेवस्य सफलं वाञ्छितं मम। इत्युक्त्वा स्वजनै: सार्धं पूजां कृत्वा यथाविधि ।।१८।।
हर्षेण चाभवत् पूर्ण:सत्यदेवप्रसादत:। नावं संयोज्य यत्नेन स्वदेशगमनं कृतम् ।।१९।।
साधुर्जामातरं प्राह पश्य रन्तपुरीं मम। दूतं च प्रेषयामास निजवित्तस्य रक्षकम् ।।२०।।

भगवान् हरि उसकी इच्छानुसार वर देकर अन्तर्धान हो गये। तब उन्होंने नाव पर आकर देखा कि नाव धन से परिपूर्ण है, तब भगवान् के प्रति कृतज्ञता प्रकट की और वह स्वजनों के साथ भगवान् सत्यदेव का पूजन किया, और नाव को यत्न पूर्वक सभाँलकर साथियों सहित अपने नगर को चला। साधु वणिक् ने अपने दामाद से कहा–'वह देखो मेरी रत्नपुरी नगरी दिखाई दे रही है'। इसके बाद उसने अपने धन के रक्षक दूतों को अपने आगमन का समाचार देने के लिये अपनी नगरी में भेजा।।१७-२०।।

ततोऽसौ नगरं गत्वा साधुभार्यां विलोक्य च। प्रोवाच वाञ्छितं वाक्यं नत्वा बद्धाञ्जलिस्तदा।।२१।।
निकटे नगरस्यैव जामात्रा सहितो वणिक्। आगतो बन्धुवर्गैश्च वित्तैश्च बहुभिर्युतः ।।२२।।
श्रुत्वा दूतमुखाद्वाक्यं महाहर्षवती सती। सत्यपूजां ततः कृत्वा प्रोवाच तनुजां प्रति ।।२३।।
व्रजामि शीघ्रमागच्छ साधुसंदर्शनाय च। इति मातृवचः श्रुत्वा व्रतं कृत्वा समाप्य च ।।२४।।
प्रसादं च परित्यज्य गता साऽपि पतिं प्रति। तेन रुष्टाः सत्यदेवो भर्तारं तरणिं तथा।।२५।।
संहृत्य च धनैःसार्धं जले तस्यावमज्जयत्।

तत्पश्चात् उस दूत ने नगर में जाकर साधू की भार्या को देख हाथ जोड़ कर प्रणाम किया और उसके अभीष्ट बात कही कि साधू अपने दामाद सहित बहुत सा धन लेकर इस नगर के समीप आ गये हैं। ऐसा वचन सुन लीलावती ने बड़े हर्ष के साथ सत्यदेव का पूजन कर पुत्री से कहा मैं अपने पति के दर्शन करने जाती हूँ, तुम कार्य पूर्ण करके शीघ्र आना, माता का ऐसा वचन सुनकर कलावती व्रत को समाप्त करके प्रसाद छोड़ पति के दर्शन के लिये चली गई। प्रसाद की अवज्ञा के कारण सत्यदेव ने रुष्ट हो

उनके पति को नाव सहित पानी में डुबो दिया।।२१–२५१/२।।

ततः कलावती कन्या न विलोक्य निजं पतिम् ।।२६।।

शोकेन महता तत्र रुदन्ती चापतद् भुवि। दृष्ट्वा तथाविधां नावं कन्यां च बहुदुःखिताम् ।।२७।।

भीतेन मनसा साधुः किमाश्चर्यमिदं भवेत्। चिन्त्यामानाश्च ते सर्वे बभूवुस्तरिवाहकाः ।।२८।।

ततो लीलावती कन्यां दृष्ट्वा सा विह्वलाऽभवत्। विललापतिदुःखेन भर्तारं चेदमब्रवीत् ।।२९।।

इदानीं नौकया सार्धं कथं सोऽभूदलक्षितः। न जाने कस्य देवस्य हेलया चैव सा हृता ।।३०।।

सत्यदेवस्य माहात्म्यं ज्ञातुं वा केन शक्यते। इत्युक्त्वा विललापैव ततश्च स्वजनैः सह ।।३१।।

ततो लीलावती कन्यां क्रोडे कृत्वा रुरोद ह।

तत्पश्चात् कलावती अपने पति को न देखकर रोती हुई, महान् शोकातुर होकर जमीन पर गिर गई इस तरह नौका को डूबा हुआ तथा कन्या को रोता देख साधू दुखित हो मन में विचार करने लगा–यह क्या आश्चर्य हो गया? नाव का संचालन करने वाले भी चिन्तित हो गये। लीलावती भी कन्या को व्याकुल देखकर विह्वल हो गयी और अत्यन्त दुःख से विलाप करती हुई अपने पति से इस प्रकार कहने लगी–'अभी–अभी नौका के साथ दामाद कैसे अलक्षित हो गया, न जाने किस देवता की उपेक्षा से नौका हरण कर ली गयी अथवा श्रीसत्यनारायण की महिमा कौन जान सकता है!' ऐसा कहकर स्वजनो के साथ विलाप करने लगी और कन्या कलावती कन्या को गोद में लेकर रोने लगी।।२६–३११/२।।

ततःकलावती कन्या नष्टे स्वामिनि दुःखिता।।३२।।

गृहीत्वा पादुके तस्यानुगन्तुं च मनोदधे। कन्यायाश्चरितं दृष्ट्वा सभार्यः सज्जनो वणिक्॥३३॥
अतिशोकेन संतप्तश्चिन्तयामास धर्मवित्। हृतं वा सत्यदेवेन भ्रान्तोऽहं सत्यमायया॥३४॥
सत्यपूजां करिष्यामि यथाविभवविस्तरैः। इति सर्वान् समाहूय कथयित्वा मनोरथम् ॥३५॥
नत्वा च दण्डवद् भूमौ सत्यदेवं पुनः पुनः। ततस्तुष्टः सत्यदेवो दीनानां परिपालकः ॥३६॥
जगाद वचनं चैनं कृपया भक्तवत्सलः। त्यक्त्वा प्रसादं ते कन्या पतिं द्रष्टुं समागता ॥३७॥
अतोऽदृष्टोऽभवत्तस्याः कन्याकायाः पतिर्ध्रुवम्। गृहं गत्वा प्रसादं च भुक्त्वा साऽऽयाति चेत्पुनः॥३८॥
लब्धभर्त्री सुता साधो भविष्यति न संशयः।

कलावती कन्या भी अपने पति के नष्ट हो जाने पर दु:खी हो गयी और अपने पति की पादुका लेकर उनका अनुगमन करने के लिये उसने मन में निश्चय किया। कन्या के इस प्रकार के आचरण को देखकर पत्नी सहित वह साधु वणिक् बहुत दु:खी हुआ और विचार करने लगा—या तो भगवान् सत्यदेव ने दामाद के साथ धन-धान्य से भरी इस नौका का अपहरण किया है अथवा हम सभी उनकी माया से मोहित हो गये हैं। हे प्रभु! अपनी धन-शक्ति के अनुसार मैं आपकी पूजा करूँगा'—सभी के सामने साधु ने अपने मन की इच्छा प्रकट की और बारम्बार भगवान् सत्यदेव को दण्डवत् प्रणाम किया, एवं प्रार्थना की कि हे प्रभो! मुझसे या मेरे परिवार से जो भूल हुई उसे क्षमा करो। उसके दीन वचन सुनकर भगवान् दीनानाथ को दया आ गई और आकाशवाणी के द्वारा कृपापूर्वक बोले—हे साधू तेरी कन्या ने मेरे प्रसाद का छोड़कर अपने पति को देखने चली आयीं है, निश्चय ही यही कारण है कि उसका पति दिखाई नहीं दे रहा है।

यदि घर जाकर प्रसाद ग्रहण कर आये तो तुम्हारी पुत्री निश्चितरूप से पति को प्राप्त करेगी, इसमें संशय नहीं है।।३२-३८१/२।।

कन्यका तादृशं वाक्यं श्रुत्वा गगनमण्डलात् ।।३९।।
क्षिप्रं तदा गृहं गत्वा प्रसादं च बुभोज सा। पश्चात् सा पुनरागत्य ददर्श स्वजनं पतिम्।।४०।।
ततः कलावती कन्या जगाद पितरं प्रति। इदानीं च गृहं याहि विलम्बं कुरुषे कथम्।।४१।।
तच्छ्रुत्वा कन्यकावाक्यं संतुष्टोऽभूद् वणिक्सुतः। पूजनं सत्यदेवस्य कृत्वा विधिविधानतः।।४२।।
धनैर्बन्धुगणैः सार्धं जगाम निजमन्दिरम्। पौर्णमास्यां च संक्रान्तौ कृतवान् सत्यस्य पूजनम्।।४३।।
इहलोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ ।।४४।।

आकशवाणी को सुन कलावती ने शीघ्र घर पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुनः उसने आकर अपने पति का दर्शन पाया। तब वैश्य परिवार के सब लोग प्रसन्न हुए। कलावती कन्या ने अपने पिता से कहा–'अब विलम्ब क्यों करहे हैं? अब तो घर चलें। कन्या की बात सुनकर वणिक्पुत्र सन्तुष्ट हो गया और साधू ने बन्धु-बांधवों सहित सत्यदेव का विधिपूर्वक पूजन किया, और धन तथा बन्धु बान्धवों के साथ अपने घर को गया। उस दिन से हर पूर्णिमा व संक्रान्ति एवं विशेष पर्वों में सत्यनारायण भगवान् का पूजन करते हुए इस लोक में सुख भोगकर वैकुण्ठ में चला गया।।३९-४४।।

।। इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे श्रीसत्यनारायण व्रतकथायां चतुर्थोऽध्यायः ।।

।। इस प्रकार श्री स्कन्द पुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रतकथा का यह चौथा अध्याय पूरा हुआ ।।४।।

अथ पञ्चमोऽध्यायः

राजा तुङ्गध्वज और गोपगणो की कथा

सूत उवाच

अथान्यच्च प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमाः। आसीत् तुङ्गध्वजो राजा प्रजापालनतत्परः ॥१॥
प्रसादं सत्यदेवस्य त्यक्त्वा दुःखमवाप सः। एकदा स वनं गत्वा हत्वा बहुविधान् पशून् ॥२॥
आगत्य वटमूलं च दृष्ट्वा सत्यस्य पूजनम्। गोपाः कुर्वन्ति संतुष्टा भक्तियुक्ताः स बान्धवाः ॥३॥
राजा दृष्ट्वा तु दर्पेण न गतो न ननाम सः। ततो गोपगणाः सर्वे प्रसादं नृपसन्निधौ ॥४॥
संस्थाप्य पुनरागत्य भुक्त्वा सर्वे यथेप्सितम्। ततः प्रसादं संत्यज्य राजा दुःखमवाप सः ॥५॥

श्रीसूतजी बोले–हे श्रेष्ठ मुनियों! अब इसके बाद मैं दूसरी कथा कहूँगा, आप लोग सुनें। अपनी प्रजा का पालन करने में लीन तुंगध्वज नामक एक राजा था। उसने भी भगवान् सत्यदेव के प्रसाद को त्यागकर बहुत दुःख पाया। एक बार वह वन में जाकर और वहाँ बहुत से पशुओं को मारकर बड़ के पेड़ के नीचे आया। वहाँ उसने भक्ति-भाव से ग्वालों को बन्धु-बांधवों सहित सन्तुष्ट-चित्त होकर सत्यदेव की पूजा करते देख, राजा अभिमान वश न वहाँ गया और न ही उसने भगवान् सत्यनारायण को नमस्कार किया। जब ग्वालों ने भगवान् का प्रसाद उसके सामने रखा तो वह प्रसाद को त्यागकर अपनी सुन्दर नगरी की ओर चला गया। ग्वालवालों ने भगवान् का इच्छानुसार प्रसाद ग्रहण किया। इधर राजा को प्रसाद का परित्याग करने से बहुत

दु:ख प्राप्त हुआ।।१-५।।

तस्य पुत्रशतं नष्टं धनधान्यादिकं च यत्। सत्यदेवेन तत्सर्वं नाशितं मम निश्चितम् ।।६।।
अतस्तत्रैव गच्छामि यत्र देवस्य पूजनम्। मनसा तु विनिश्चित्य ययौ गोपालसन्निधौ ।।७।।
